

मकर संक्रांति आज

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-292 | सीहोर, मंगलवार 14 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# पहले ही स्नान में दिखा आस्था-उमंग का जनसैलाब

## महाकुंभ की दिव्यता देख डेढ़ करोड श्रद्धालु हुए मनमुग्ध



महाकुंभ नगर(आरएनएस)। महाकुंभ-2025 का आगाज 144 वर्षों की प्रतीक्षा, अनन्य आस्था, अगाध भक्ति, हर्ष-उमंग और भावनाओं के उमड़ते ज्वार को साक्षात्कार करने सरीखा अनुभव बन गया। न केवल देश-प्रदेश बल्कि विदेशों से आए पहले ही दिन महाकुंभ में डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं के जप-तप और पुण्य-मोक्ष का मार्ग बनने के साथ ही, एकता के सूत्र में बांधने वाला एक ऐसा माध्यम बन गया जिसकी तुलना किसी अन्य घटना से होना असंभव है। मानवता के इस अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का साक्षी बनने, अपने जन्मों के पुण्यों को साकार करने और मानव सभ्यता के इस सबसे बड़े विलक्षण क्षण का साक्षी पहले ही दिन बनने की होड़ तीर्थराज प्रयागराज के संगम नोज समेत सभी स्थायी व अस्थायी घाटों पर दिखी। यहां भाव विह्वल श्रद्धालु भीगी पलकों से इस सुखद क्षण का साक्षात्कार करते हुए अपनी पूजन व अर्चन विधि से भक्ति में रमने के साथ ही एकता के संगम में सराबोर होते दिखे।पौष पूर्णिमा के अवसर पर महाकुंभ-2025 के प्रारंभ होने और पहले स्नान के अवसर पर ही पूरी दुनिया से महाकुंभ नगर स्थित मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली। ये श्रद्धालु उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तैयारियों से बेहद संतुष्ट दिखे और महाकुंभ पर्व को लेकर की गई सुव्यवस्थित व्यवस्था को देखकर मुक्त कंठ से डबल इंजन की सरकार की तारीफ करते दिखे। स्नान के दो दिन पूर्व ही लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं ने स्नान किया और पहले दिन श्रद्धालुओं का अपार उत्साह-उमंग दर्शाता है कि आगे आने वाले 45 दिनों में महाकुंभ-2025 में उत्तर प्रदेश सरकार के अनुमान से भी ज्यादा भक्तों की भीड़ उमड़ सकती है।पौष पूर्णिमा के अवसर पर कल्पवासी संगम में स्नान कर कल्पवास के कठिन नियमों का महाकुंभ अवधि के दौरान पालन करते हुए पुण्य प्राप्ति, सद्गति, मोक्ष प्राप्ति और सकल विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। स्वयं व अपने परिजनों के कल्याण के साथ ही सकल विश्व के कल्याण के लिए भी कल्पवासी प्रार्थना करते हैं। महाकुंभ के प्रारंभ होने के साथ ही सोमवार होने के कारण महादेव की उपासना के विशेष संयोग ने इस क्षण को और भी दुर्लभ बना दिया और महाकुंभ मेला क्षेत्र के सभी घाटों पर श्रद्धालु महादेव की उपासना में पवित्र जलधारा में डुबकी लगाकर संकल्प लेते दिखे।

### महाकुंभ में पहुंचे विदेशी श्रद्धालु भी गदगद, बोले- हम तो धन्य हो गए

महाकुंभ नगरी (आरएनएस)। धर्म और आस्था की नगरी प्रयागराज में महाकुंभ के मौके पर भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। सुबह साढ़े नौ बजे तक 60 लाख श्रद्धालु मां गंगा में डुबकी लगा चुके हैं। विदेशी पर्यटक भी यहां पहुंचे हैं। कुछ ने आईएएनएस से बातचीत में खुद को भाग्यशाली बताया।पौलेंड से आई श्रद्धालु क्लाउडिया ने कहा कि मुझे यहां आकर अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है। मैंने कभी भी ऐसा महसूस नहीं किया था। कभी नहीं सोचा था कि मुझे कभी जीवन में इस तरह का अनुभव मिलेगा। कल मैं भी स्नान करूंगी। महाकुंभ की दृष्टि से कल का दिन बहुत अहम होने जा रहा है। हालांकि, आज इसकी विधिवत रूप से शुरुआत हो चुकी है, लेकिन कल का दिन शाही स्नान का है और मैं काफी उत्सुक हूं।उन्होंने आगे कहा कि यहां के लोग मुझे बहुत अच्छे लगे। सभी का व्यवहार बहुत ही मित्रवत है। वातावरण अपने आप में अद्भुत है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

### खनौरी बॉर्डर पर 10 महीने से प्रदर्शन कर रहे किसान की मौत, डल्लेवाल की हालत नाजुक

खनौरी(आरएनएस)। एमएसपी समेत कई मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ खनौरी बॉर्डर पर किसानों का मोर्चा लगातार चल रहा है। इस बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां, मोर्चे में शामिल एक किसान की दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई। किसान नेता लखविंदर सिंह औलख ने बताया कि उक्त किसान जग्गा सिंह पिछले करीब 10 महीने से लगातार खनौरी बॉर्डर पर किसानों के चल रहे मोर्चे पर डटा हुआ था।अधरंग का दौरा पड़ने से बीमार हुए किसान की राजिंदरा अस्पताल पटियाला में इलाज दौरान मौत हो गई। मृतक किसान 80 वर्षीय जग्गा सिंह पुत्र दरबार सिंह निवासी गोदारा बाजाखाना जिला फरीदकोट के पार्थिव शरीर को खनौरी बॉर्डर पर लाया जाएगा, जिसके बाद उनके गांव में अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मृतक किसान के पांच लड़के व एक लड़की है। उन्होंने बताया कि पिछले 11 महीने से बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन दौरान कई किसानों की मौत हो चुकी है।

### पीएम मोदी ने किया जेड मोड़ सुरंग का उद्घाटन, 1 घंटे की दूरी 15 मिनट में तय होगी




सोनमर्ग (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग इलाके में जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया। जेड-मोड सुरंग का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरंग का निरीक्षण किया। इस दौरान एलजी मनोज सिन्हा, सीएम उमर अब्दुल्ला और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद रहे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरंग के निर्माण कार्य से जुड़ी टीम से बातचीत की, जिसमें टीम ने सुरंग के निर्माण की प्रक्रिया और इससे संबंधित चुनौतियों के बारे में पीएम मोदी को जानकारी दी। टीम ने बताया कि इस परियोजना में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन इन सबके बावजूद सुरंग का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह सुरंग श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर स्थित है जो जम्मू-कश्मीर के क्षेत्रीय विकास और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिहाज से बेहद अहम है।

# सिंहस्थ-2028 में क्षिप्रा नदी के जल से ही होगा स्नान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना से क्षिप्रा जी होंगी निर्मल और निरंतर प्रवहमान



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रसन्नता का विषय है कि सिंहस्थ-2028 में साधु-संत पवित्र क्षिप्रा जी के जल से ही स्नान करेंगे। हमारा सौभाग्य है कि केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल 614 करोड़ 53 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाली सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना का भूमि-पूजन उज्जैन में करने जा रहे हैं। राज्य सरकार पुण्य सलिला क्षिप्रा के जल से सिंहस्थ में स्नान की व्यवस्था की दिशा में ठोस कदम उठाया है। परियोजना के क्रियान्वयन से क्षिप्रा नदी निर्मल और निरंतर प्रवहमान होगी इससे सभी त्यौहार-पर्वों पर हमारा यह प्रमुख तीर्थ वर्षभर जीवंत रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि क्षिप्रा नदी में जल की मात्रा सीमित रहती है। इसीलिए 1980, 1992 और 2004 में हुए सिंहस्थ में गंभीर नदी से जल की व्यवस्था की गई और वर्ष 2016 में नर्मदा जी के जल से स्नान कराया गया।

### धार्मिक नगरों में लागू होगी शराबबंदी - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (ए.) । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार नीति में सुधार कर, धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू करने पर विचार कर रही है। इस संबंध में साधु-संतों द्वारा दिए गए सुझावों पर राज्य सरकार गंभीर है। धार्मिक नगरों का वातावरण प्रभावित होने संबंधी शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। हमारा प्रयास है कि इन नगरों की पवित्रता अक्षुण्ण रहे। अतः राज्य सरकार जल्द ही निर्णय लेकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवास से मीडिया केलिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

# मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड

## अगले दो दिनों तक शीतलहर का अलर्ट; कई जिलों में स्कूलों में छुट्टी घोषित



भोपाल (निप्र)। उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं की वजह से इस वक्त पूरे प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सोमवार को दिन के अधिकतम तापमान में सात डिग्री तक की गिरावट दर्ज हुई। वहीं पूरे प्रदेश में कहीं घना तो कहीं हल्का कोहरा छाया रहा। दिन के तापमान में सबसे अधिक गिरावट भोपाल और धार में हुई। भोपाल का अधिकतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस रहा, यह सामान्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस कम था। धार का 18.9 डिग्री सेल्सियस रहा, यह सामान्य से 6.7 डिग्री सेल्सियस कम रहा। रात का सबसे कम तापमान सात डिग्री राजगढ़ में दर्ज किया गया। उज्जैन में दिन का पारा 19 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। नर्मदापुरम में 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 6.1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। इंदौर का 19.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 6.7 डिग्री सेल्सियस कम रहा।प्रदेश के पूर्वी इलाकों में दिन के तापमान में सबसे अधिक गिरावट सिवनी में दर्ज हुई।

सिवनी का तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 7.7 डिग्री सेल्सियस कम रहा।, तापमान में गिरावट और सर्द हवाओं को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना को देखते हुए नर्सरी से लेकर कक्षा आठवी तक अवकाश घोषित किया है। इंदौर, भोपाल समेत कई जिलों में मकर संक्रांति और ठंड के कारण छुट्टी घोषित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी ने बताया कि मंगलवार को जिले की समस्त शासकीय और अशासकीय स्कुलों में अवकाश रहेगा।

**दिल्ली विधानसभा चुनाव :**

### राहुल गांधी ने कांग्रेस के प्रचार अभियान का सीलमपुर से किया आगाज़

नई दिल्ली(ए)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान का आगाज़ सीलमपुर से कर दिया है।



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर में आयोजित एक जनसभा में उन्होंने कांग्रेस के लिए वोट मांगे और जनता से केंद्र में भाजपा तो दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकारों को बदलने का आह्वान किया। इस रैली का आयोजन जय बापू, जय भीम, जय संविधान थीम के तहत किया गया था, जिसमें संविधान, सामाजिक न्याय और विकास पर जोर दिया गया। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा, कि यह चुनाव दिल्ली की जनता के हक और संविधान की रक्षा के लिए है। कांग्रेस दिल्ली को फिर से एक बेहतर और सुरक्षित राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मोबाइल बैटरी ब्लास्ट होने से बड़ा धमाका, दुकानदार बुरी तरह से घायल

**बिजनौर (आरएनएस)। हाल ही में उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में चार्जिंग के दौरान मोबाइल बैटरी के ब्लास्ट होने का मामला सामने आया है। यह घटना अफजलगढ़ के सवाला गांव के मोबाइल रिपेयरिंग शॉप में हुई थी। मोबाइल ब्लास्ट के कारण दुकानदार मोहसिन बुरी तरह से घायल हो गया। इस पुरे भयावह हादसे का फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। घटना के बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर खुब वायरल हो रही है। जानकारी के अनुसार, दुकानदार मोहसिन अपने ग्राहक के खराब मोबाइल को रिपेयर कर रहा था। जिसके लिए उसने मोबाइल को चार्जिंग पर लगाया। मोबाइल को चार्जिंग पर लगाते ही एक बड़ा धमाका होता है। धमाका में बैटरी पुरी तरह से फट गई।**

### दिल्ली के लोगों के दिल में केजरीवाल जी बसते हैं : आतिशी



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को नामांकन दाखिल करने से पहले रोड शो निकाला। रैली में मुख्यमंत्री आतिशी और 'आप' के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया भी शामिल हुए।

सीएम आतिशी ने कहा कि दिल्ली के लोगों के दिल में आम आदमी पार्टी और केजरीवाल जी बसते हैं। हमने पिछले पांच साल में जो काम किए हैं, लोग हमें उसी के आधार पर वोट देंगे।उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास दिल्लीवालों के लिए करने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने आज तक कोई काम नहीं किया है।

वहीं, रैली में शामिल मनीष सिसोदिया ने भी आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में आम आदमी पार्टी के पक्ष में भारी जनसमर्थन है और यह जनसमर्थन हमें काम के आधार पर मिला है, क्योंकि अरविंद केजरीवाल जी काम भी करते हैं और जो काम रोकता है, उससे लड़ते भी हैं। उनके पास एक ऐसी टीम है, जो किसी भी कीमत पर नहीं टूटती है, बल्कि हर परिस्थिति में लड़ती है।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार पत्रकार श्री विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में 14 फरवरी को आयोजित होगा स्मृति समारोह

## आयोजन के लिए समिति की बैठक आयोजित हुई, जल्द ही गठित होगी चयन समिति




नर्मदापुरम (निप्र)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, पत्रकार स्व. विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 फरवरी को जो कार्यक्रम भोपाल में होते हैं वह नर्मदापुरम में होना एक अच्छी पहल है। मुझे उस कार्यक्रम में सम्मानित होने शामिल होने का मौका मिला है। वास्तव में अपने आप में एक गरिमामय कार्यक्रम होता है। उसे हम सब मिलकर नर्मदापुरम में आयोजित करेंगे। इसके लिए जल्द ही आयोजन समिति का गठन कर दिया जाएगा। यह बात पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने जनपद पंचायत के सभाहाल में आयोजित स्व. विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह समिति की बैठक में कही। इस अवसर पर दैनिक क्षितिज किरण पत्र समूह के प्रधानसंपादक केके सक्सेना, निदेशक विलक्षण सक्सेना, दैनिक क्षितिज किरण की भोपाल ब्यूरोचीफ श्रीमती भावना सक्सेना, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, तैराकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पियूष शर्मा सहित समिति के अनेक सदस्य मौजूद रहे। बैठक में केके सक्सेना ने आयोजन समिति के लिए संयोजक के पद डॉ सीतासरन शर्मा का नाम प्रस्तावित किया जिसका समर्थन बलराम शर्मा ने किया। वहीं बलराम शर्मा ने आयोजन समिति के लिए अध्यक्ष के पद पर केके सक्सेना का नाम प्रस्तावित किया जिसका समर्थन नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा व समाजसेवी शरीफ राईन ने किया। डॉ शर्मा ने कहा कि आयोजन में मुख्यअतिथि कोई मंत्री या कोई वरिष्ठ पदाधिकारी को आमंत्रित किए जाने के लिए केके सक्सेना ही तय करेंगे। डॉ शर्मा ने समारोह की अध्यक्षता के लिए सांसद दर्शन सिंह के नाम का सुझाव रखा जिसे समिति के सभी सदस्यों ने एक मत से स्वीकार किया।विलक्षण सक्सेना ने अवगत करया कि समारोह में हर वर्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, न्यायविद, कर्मठ प्रशानिक अधिकारी, पत्रकार, साहित्यकार, समाजसेवी व चित्रकार का चयन कर सम्मान किया जाता है। इसके लिए अलग अलग चयन समिति बनाई जाती है। डॉ शर्मा ने कहा कि नर्मदांचल में भी अनेक साहित्यकार, पत्रकार हैं। जिनके चयन के लिए जल्द ही समिति तय होगी। जो जल्द ही नाम तय करेगी।बैठक में शरीफ राईन ने कहा कि वास्तव में यह आयोजन गरिमामय आयोजन रहेगा। उसकी गरिमा बनाए रखना हम सबका कर्तव्य रहेगा। बैठक में यादव समाज के नंद किशोर यादव, कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव, युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक विजय श्रीवास्तव, साहित्यकार पं गिरिमोहन गुरू, पत्रकार, तुकाराम यादवेश, श्याम राय, गजेंद्र राजपूत, हिना अली, कमल राव चव्हाण,खुश्बू मूलचंदानी, लोकेश तिवारी, अमित महाला सहित अनेक समिति सदस्य शामिल रहे समिति की बैठक का समापन राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

### पंजाब में चाइना डोर का कहर, जालंधर में एक व्यक्ति की मौतः अमृतसर में दो रूटों पर आवाजाही बंद

जालंधर (आरएनएस)। चाइना डोर का कहर जान लेने पर उतारू है। बीते दिन आदमपुर का व्यक्ति चाईना डोर की चपेट में आ गया था और उसकी गर्दन की नस कट गई थी आज चंडीगढ़ पीजीआई में उपचार के दौरान उक्त व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय युवक हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। 2 दिन पहले जब हरप्रतीत अपनी मोटरसाइकिल से आदमपुर से वापस अपने गांव सरोबाद जा रहा था तो अचानक सड़क पर इस युवक की गर्दन पर चाईना डोर लगने से गहरा घाव हो गया, जिससे यह युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था।अमृतसर पुलिस कमिश्नर ने लोहड़ी के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए एक विशेष कदम उठाया है। भंडारी ब्रिज और एलिवेटेड रोड पर दोपहिया वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई है। इन सड़कों पर सिर्फ चार पहिया वाहनों को ही जाने दिया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि लोहड़ी के मौके पर पतंगबाजी के कारण किसी भी तरह के हादसे से बचने के लिए यह फैसला लिया गया है। अक्सर देखा गया है कि चाइनीज मांझे के कारण दोपहिया वाहन ड्राइवरों के गला घोंटने या दुर्घटना होने की घटनाएं होती हैं।






# जल संचय अभियान उज्जैन में भी हो रहा है शुरू : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## अभियान में समाज-सेवियों की भी हो रही है सहभागिता : केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री पाटिल

## उज्जैन में मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने की जल संचय-जन-भागीदारी अभियान की शुरूआत

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सूरत, अहमदाबाद में शुरू हुए जल संचय-जन-भागीदारी अभियान की आज मध्यप्रदेश के उज्जैन में भी शुरूआत हो रही है। खजुराहो, सागर, रीवा के बाद उज्जैन से भी इस अभियान का शुभारंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी युवा शक्ति जब इस कार्य से जुड़ेगी तो हम धरती माँ को उपहार देंगे, इस प्रक्रिया से जल के भंडार मे वृद्धि होगी। जल संचय हमारी समस्याओं को हल करने का सबसे बेहतर साधन है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि देश में चलाये जा रहे अभियान में समाज-सेवियों की सहभागिता से आमजन में भी जागरूकता आ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री पाटिल ने इंजीनियरिंग कॉलेज उज्जैन में जल संचय-जन-भागीदारी अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा शक्ति को अभियान से जोड़ने का मकसद है कि युवा प्रकृति और पर्यावरण के महत्व को समझें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने कहा कि गांव का पानी गांव में रहे, तालाबों का जल तालाब में संचित हो, वर्षा जल को व्यर्थ में बहने से रोकने के लिए यह प्रयास अपने आप में अद्भुत है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री पाटिल ने हमें इस अभियान के बारे में बताया, तो हमने मध्यप्रदेश में भी इस योजना को लागू करने का अभियान चलाया। इस अभियान में समाज-सेवी सहभागिता कर रहे हैं।

कार्यक्रम के आरंभ में भूमि-पूजन किया गया। अभियान में जगह-जगह बोरिंग मशीन से ड्रिल करके गड्ढे किए जाएंगे। इन गड्ढों के मार्फत वर्षा जल को भू-गर्भ में संग्रहीत एवं संरक्षित किया जाएगा। इससे आसपास के जल स्रोतों में जल स्तर बढ़ेगा। साथ ही जल भंडारण क्षमता में भी वृद्धि होगी।

अभियान के शुभारंभ पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, उज्जैन के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, जन-प्रतिनिधि, प्रोफेसर और कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## अब आईटी की रडार पर पूर्व आरक्षक सौरभ के रिश्तेदार

भोपाल, (आरएनएस)। पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके रिश्तेदारों के यहां बेनामी संपत्ति की भी जांच पड़ताल शुरु कर दी गई है। आयकर विभाग ने बैंक ट्रांजेक्शन संपत्ति खरीदी-बिक्री ओर विदेश दौरों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। जिस स्थान पर इनोवा कार मिली थी वह प्रापटी आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की मौसी सविता से जुड़ी है। सोरभ शर्मा की मौसी सविता ओर उनके बेटे-बेटियों के अलावा सौरभ शर्मा के मामा का भी इसमें बड़ी भूमिका सामने आई है। बताया जाता है कि कार को एकांत में ठिकाने लगाकर गोल्ड और कैश छिपाने की प्लानिंग में सविता हसवानी का बेटा विनय हसवानी भी शामिल था। इनसे जुड़े लोगों की डिटेल भी निकाली जा रही है। माना जा रहा है कि ये अपने लोगों के चेन बनाकर मनी लांड्रिंग ओर कैश की खेप इधर से उधर करने का काम करते थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल की टीम ने सौरभ के जीजा रोहित तिवारी जबलपुर, सहयागी शरद जायसवाल ओर चेतन सिंह गौर के ठिकानों पर छापेमारी कर 23 करोड़ रुपए की चल अचल संपत्ति जब्त की है।

## नए डॉक्टरों को पढ़ाया घाव मैनेजमेंट का पाठ

भोपाल, (आरएनएस)। एम्स भोपाल के जनरल सर्जरी विभाग ने घाव देखभाल और निगेटिव प्रेशर थेरेपी पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें प्रभावी घाव प्रबंधन और रोगी देखभाल के आधुनिक तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य पेशेवरों को नवीनतम घाव देखभाल तकनीकों का ज्ञान और कौशल बढ़ाना था। कार्यशाला में कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने हिस्सा लिया और ज्ञान साझा किया। इनमें डॉ. रजनीश जोशी ओर जनरल सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. प्रदीप सक्सेना शामिल थे, जिन्होंने उन्नत घाव देखभाल तकनीकी के महत्व पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि ऐसी कार्यशाला सतत चिकित्सा शिक्षा और कौशल संवर्धन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हे। उन्नत घाव देखभाल तकनीक जैसे, नेगेटिस प्रेशर, वून्ड थेरेपी, जटिल घावों के प्रबंधन, संक्रमण के जोखिम को कम करने और रोगी की तेजी से रिकवरी में क्रांतिकारी साबित हो रही है।

## करोंद में सरकारी जमीन पर काटी जा रही कॉलोनी पर चलाया बुलडोजर

भोपाल,(आरएनएस)। करोंद इलाके में सरकारी जमीन पर कब्जा कर काटी जा रही कॉलोनियों में शनिवार को नगर निगम ने बुलडोजर चला दिया। नगर निगम ने बुलडोजर में बनी सीसी रोड्स को जेसीबी मशीनों से उखाड़ दिया ओर बाउंड्रीवाल दहा दी। जिला प्रशासन अधिकारियों की अगुवाई और पुलिस बल की मौजूदगी में निगम अमले ने यह कार्रवाई की। निगम अमले ने अतिक्रमण विरोधी मुहिम के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में अवैध छप्पर, दुकानें और अन्य प्रकार के अतिक्रमणों को हटाया।

## परीक्षाएं सिर पर हैं, शिक्षकों को अब देंगे पढ़ाने का ज्ञान



भोपाल (आरएनएस)। नौंवीं से 12वीं तक की परीक्षाएं लगातार आयोजित की जाती रही हैं। अभी छमाही परीक्षा समाप्त हुई। वहीं दसवीं व 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा चार दिन बाद और नौंवी व 11वीं की वार्षिक व दसवीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा फरवरी के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाली है। ऐसे में अब स्कूल शिक्षा विभाग हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों के शिक्षकों को विद्यार्थियों को पढ़ाने के तरीके बता रहा है। शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों के प्राचार्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आदेश में लिखा है कि परीक्षा परिणामों में सुधार लाने की दृष्अि से जिले के प्रत्येक हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ मुख्य विषय के शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण आइकफ आश्रम में सुबह दस बजे से 5.30 बजे तक दिया जा रहा है। यह भी निर्देशित किया गया है कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण में होने वाले खर्चे की प्रतिपूर्ति भी शिक्षक से की जाएगी।




राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता में एम.पी. स्टेट टी.बी. एसोसिएशन की बैठक आज राजभवन सम्पन्न हुई।

## तार टूटने पर बाप-बेटे सहित पांच लोगों ने की ठेकेदार की हत्या

भोपाल (आरएनएस)। निशातपुरा के जनता नगर में गत दिवस पिता-पुत्र समेत पांच लोगों ने मिलकर पड़ोस में रहने वलो ठेकेदार के घर मं घुसकर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में ठेकेदार व उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां ठेकेदार की मौत हो गई। उमराव कॉलोनी करोंद निवासी इरफान अंसारी (32) कंस्ट्रक्शन ठेकेदार थे। इन दिनों उनके मकान में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। इरफान मकान में काम कर रहे थे। निर्माणाधीन मकान में सेंट्रंग प्लेटों को सहारा देने बल्लियां लगाई गई थीं। गत दिवस दोपहर एक बल्ली बाहर की ओर गिर गई। इससे पड़ोस में रहने वाले भैया उर्पु काले का बिजली का तार टूट गया। तार टूटने के बाद भैया काले ओर उसके बेटे अरशू ने हंगामा कर दियाा।

## मंत्रालय में अफसरों-कर्मचारियों को बताया-कैसे दें सीपीआर

भोपाल(आरएनएस)। मंत्रालय वल्लभ भवन, विंध्याचल एवं सतपुड़ा की सुरक्षा में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों को डॉ. राकेश भार्गव, डॉ. उमेश पटेल एवं डॉ. जेपी चौरसिया ने कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) संबंधी प्रशिक्षण देकर आवश्यक एवं जानकारी प्रदान की। सुरक्षा कर्मियों को बताया कि सीपीआर के किसी व्यक्ति को कैसे प्राथमिक उपचार देकर जीवनदान दिया जा सकता है। उसी के माध्यम से सीपीआर ट्रेनिंग देते हुए इस प्रक्रिया को सभी ने व्यवहारिक रूप से समझा ओर जाना कि आकस्मिक परिस्थितियों में यह कितना महत्वपूर्ण हे

## कॉलेज बस को टक्कर मारने वाला ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

भोपाल,(आरएनएस)। खजूरी थानांतर्गत स्थित भौंरी में पीपुल्स इंजीनियरिंग कॉलेज की बस को टक्कर माने वाले ट्रक के ड्राचयवर को पुलिस ने राजस्थान के झालावाड़ से हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि ड्रायवर सलीम खान दो दिन पहले ट्रक लेकर गल्ला (अनाज) लोड कर सीहोर मंडी भेजा गया था। वह यहां से अनलोड होने के बाद सांची दुग्ध संघ भोपाल जाने के लिए निकला था। इसके बाद ट्रक राजस्थान जाने वाला था। रास्ते में भौंरी के पास ओवरटेक करने के प्रयास में बस को जोरदार टक्कर मार दी थी। इस हादसे में विरसिंहपुर निवासी छात्र विनीत साहू (20) की मौत हो गई थी। गत दिवस पीएम के बाद उमरिया से आए उसके चाचा मनोज साहू को विनीत का शव सौंप दिया गया है।

## राजधानी में ध्वस्त पड़ी सफाई व्यवस्था, लेकिन दावा स्टार रेटिंग का

भोपाल, (आरएनएस)। भोपाल नगर निगम का स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नंबर वन बनने का सपना पूरा होता नजर नहीं आ रहा। दरअसल शहर में सफाई व्यवस्था ध्वस्त पड़ी हुई है। इस बात का अंदाजा शहर की सबसे पॉश अरेरा कॉलोनी में साफ-सफाई व्यवस्था को देखकर लगाया जा सकता है, जहां शहर के अधिकांश सभी वीआइपी रहते हैं उधर सडकों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। सड़कें उधड़ी हुई हैं, जगह-जगह सीएंडी वेस्ट पड़ा हुआ है। यह देखकर कहना गलत नहीं होगा कि दिल्ली से सर्वेक्षण करने वाली टीम निगम को कितने नंबर देगी। शहर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र कहे जाने वाले एमपी नगर में तो और भी बुरा हाल है। यहां सड़कों पर बता पानी टूटे नाले ओर कचरे के ढेर शहर में सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। इसके अलावा 12 नंबर स्टाप नाले के बाहर लगाई गई वर्टिकल वाल को देखकर लग नहीं रहा कि आने वाले कुछ दिनों में सर्वेक्षण होने वाला है। यहां आपको लोग खुले में पेशाब करते हुए भी नजर आ जाएंगे। ऐसे में राजधानी को सातवें रेटिंग का दावा खोखला ही नजर आता है।


# 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनना प्रशंसनीय है- मंत्री श्री पटेल

## सामाजिक, राजनैतिक सहित सभी को मिलकर जिले को नशामुक्त बनाना होगा

भोपाल, (आरएनएस)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नरसिंहपुर जिले के करेली में 10 करोड़ रुपये की लागत से नव-निर्मित 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का लोकार्पण किया। यह नवीन अस्पताल भवन सनातनी मंदिर समिति करेली द्वारा प्रदत्त दो एकड़ की भूमि में बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान टीबी के मरीजों को फूड बास्केट का भी वितरण किया। मंत्री श्री पटेल ने इस दौरान नव-निर्मित अस्पताल का निरीक्षण भी किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि चिकित्सा सुविधा की बात होती है, तो हमें अतीत और भविष्य के बारे में भी सोचना चाहिये। चिकित्सा क्षेत्र में दिन प्रतिदिन जरूरतें बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि करेली शहर सनातनी धर्मादा ट्रस्ट राम मंदिर समिति करेली द्वारा दो एकड़ की भूमि अस्पताल के लिए देकर सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया है। इस भूमि पर 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बन जाना वास्तव में अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि करेली नगर सामाजिक सरोकारों के लिए जागरूक नगर है।मंत्री श्री पटेल ने कहा



कि जिले को टीबी मुक्त करने का संकल्प लेना होगा। टीबी की बीमारी से डरने की ज़रूरत नहीं है। भारत सरकार ने टीबी मुक्त भारत का संकल्प लिया है। हम सबको बिना डरे उस टीकाकरण का लाभ लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि गरीब, अमीर, स्वस्थ व्यक्ति और नशा नहीं करने वाला भी व्यक्ति कहीं न कहीं टीबी का शिकार हो सकता है। इसलिए टीबी की जांच करायें और इसका टीका लगवायें, इसमें कोई दिक्कत नहीं है। हमें इस कदम में आगे बढ़ना चाहिये। मंत्री श्री पटेल ने कहा है कि हमारे सामने दूसरी चुनौती, नौजवानों की नशे की लत है। हम सभी को इसकी चिंता करनी चाहिये। नशे के ख़िलाफ़ जागरूक होने के लिए हमें एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशे के विरोध में और नशा मुक्ति के समर्थन में है, उन सामाजिक, राजनैतिक और तमाम लोगों को मिलकर जिले को नशा मुक्त बनाना होगा। इस अस्पताल को बनाने में जो सक्रिय भागीदारी निभाई उनको धन्यवाद और शुभकामनायें। इस अवसर सांसद लोकसभा चौ. दर्शन सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, सनातन मंदिर समिति के प्रधान आचार्य शिवनारायण व समिति के अन्य सदस्य, पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अन्य अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक मौजूद थे।



# कड़ाके की ठंड में भी कम नहीं हुआ युवाओं का हौसला, अग्निवीर बनने के लिए दिखा रहे उत्साह

सागर (ए.)। 14 जनवरी 2025 तक इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज (सागर) मध्यप्रदेश में अपनी वार्षिक भर्ती रैली आयोजित कर रहा है। यह रैली 06 जनवरी 2025 को प्रारंभ हुई थी। अग्निवीर भर्ती का 12 जनवरी 2025 को सातवां और शारीरिक प्रवीणता का अंतिम दिन था, जिसमें मध्यप्रदेश के 10 जिलों के अग्निवीर ट्रेड्समैंन (दसवीं पास) और अग्निवीर तकनीकी ट्रेड के युवाओं ने भाग लिया।


इसमें 805 उम्मीदवारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। उम्मीदवारों ने एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने में बहुत उत्साह और शारीरिक दृढ़ता दिखाई। अभी तक मध्यप्रदेश के 10 जिलों ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, भिंड, मुरैना, टीकमगढ़, छत्तरपुर, श्योपुर, सागर और निवाड़ी के युवाओं ने अग्निवीर जीडी, अग्निवीर ट्रेड्समैंन (आठवीं पास और दसवीं पास), अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट / स्टोर कीपर ट्रेड में अपना कौशल दिखाया।



इस सेना भर्ती में कुल 7023 युवाओं ने अपनी उपस्थिति दी और 2477 उम्मीदवारों दौड़ में सफल रहे। दौड़ में सफल उम्मीदवार इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्रवाई और मेडिकल जांच की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। जिला प्रशासन सागर और सेना भर्ती कार्यालय ग्वालियर के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है तथा युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति अपार उत्साह देखा जा रहा है। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर की जाती है, इसलिए किसी भी अनाधिकृत व्यक्तियों के झांसों में ना आए।

## मकर संक्रांति पर चाइना डोर को लेकर पुलिस सख्त, बाजारों में सर्चिंगज्छतों पर चलाया गया अभियान

उज्जैन (ए.)। उज्जैन प्रशासन ने दिसंबर माह की शुरूआत होते ही 2 माह के लिये चाइना डोर पर प्रतिबंध का आदेश जारी कर दिया था। पिछले कुछ सालों में चाइना डोर से पतंग उड़ाने के दौरान गंभीर हादसे होना सामने आ चुके है। 2 साल पहले जीरो पाइंट ब्रिज पर प्रतिबंधित डोर से गला कटने पर छात्रा नेहा आंजना की मौत हो गई थी। कई लोगों की जान खतरे में पड़ चुकी है।



## जहरीले कचरे के निष्पादन के लिए तैयार हो रहे मास्टर ट्रेनर्स, छारुबोले- लोगों तक पहुंचे सही जानकारी

धार (ए.)। धार के कलेक्टर प्रियांक मिश्रा ने ने बताया कि हम विज्ञान शिक्षकों, प्रोफेसरों और अधिकारियों सहित 50 मास्टर ट्रेनर्स को तैयार कर रहे हैं। उन्हें कचरे की सटीक स्थिति के बारे में सूचित किया जाएगा, ताकि वे लोगों तक सही जानकारी पहुंचा सकें और गलत धारणाओं को दूर कर सकें। बता दें कि विगत दिनों पीथमपुर में कचरे के निष्पादन के खिलाफ जनाक्रोश और दो आत्मदाह की कोशिशों के बाद राज्य सरकार को बैकफुट पर जाना पड़ा है। इससे पहले इस महीने की शुरुआत में पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

1 जनवरी को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर स्थित प्रधान पीठ ने राज्य सरकार को छह सप्ताह में यूनियन कार्बाइड फैक्टरी के कचरे के निष्पादन पर सुरक्षा दिशा-निर्देशों के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके बाद, अधिकारियों ने लोगों को शिक्षित करने और उनके डर को दूर करने के लिए समय मांगा था। कलेक्टर ने बताया कि मास्टर ट्रेनर्स मंगलवार से अपने काम की शुरुआत करेंगे और 50 और मास्टर ट्रेनर्स को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, "हम वीडियो प्रस्तुतियों और अन्य माध्यमों से मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देंगे।"

**पीथमपुर किया गया था शिफ्ट**

गौरतलब है कि 2 जनवरी 2025 को 12 सील कंटेनरों में पैक कचरा भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्टरी से पीथमपुर स्थित निष्पादन स्थल पर ले जाया गया था। यह जगह राजधानी भोपाल से 250 किलोमीटर दूर है। हालांकि कचरा पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद पीथमपुर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि कचरे का निष्पादन मानव और पर्यावरण के लिए हानिकारक होगा।

**कोर्ट ने सरकार को लगाई थी फटकार**

3 दिसंबर 2024 को हुई सुनवाई के दौरान मप्र हाईकोर्ट ने अधिकारियों को यूनियन कार्बाइड फैक्टरी के कचरे का निष्पादन करने में असफल रहने पर फटकार लगाई थी। अदालत ने सरकार को चार सप्ताह के भीतर साइट से कचरे को हटाने और स्थानांतरित करने का आदेश दिया था और चेतावनी दी थी कि निर्देश का पालन न करने पर अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

## बजट से किसानों को उम्मीदें, मटर की एमएसपी तय करने की मांग, कहा-निश्चित दाम नहीं होने से हो रहा नुकसान



जबलपुर (ए.)। मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में मटर उगाने वाले किसानों ने केंद्रीय बजट 2025-26 से पहले अपनी प्रमुख मांगें रखते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करने की अपील की है। हाल ही में जिले की मटर को 'एक जिला, एक उत्पाद' योजना के तहत पहचान मिली है, लेकिन किसानों का कहना है कि इसका सीधा लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है।

किसानों का कहना है कि मटर की खरीदी में निश्चित मूल्य नहीं होने से उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। स्थानीय किसान प्रकाश पटेल ने कहा कि खरीदी के लिए सुविधाएं और व्यवस्थाएं समय पर नहीं मिलतीं। रेट एक दिन घटते हैं, एक दिन बढ़ते हैं, जिससे किसान परेशान हो जाता है। एमएसपी से यह समस्या हल हो सकती है।

किसान रुक्मिणी पटेल ने भी इस पहल का स्वागत किया, लेकिन मटर की खरीद में स्थिरता लाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मटर को एक जिला, एक उत्पाद का दर्जा मिलना अच्छा है, लेकिन यूनिट लगाकर फिक्स रेट तय करना चाहिए, ताकि किसानों को सीधा लाभ मिले। अच्छी क्वालिटी की फसल पर फिक्स रेट होना चाहिए।

किसानों की दूसरी बड़ी मांग जिले में मटर प्रसंस्करण यूनिट स्थापित करने की है। किसान डॉ. अजय बाजपेयी का कहना है कि यह क्षेत्र मटर उत्पादन के लिए उपयुक्त है, लेकिन सरकारी प्रबंधों की कमी के कारण किसानों को फायदा नहीं मिलता। प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित होने से बिचौलियों की भूमिका कम होगी और किसानों को लाभ मिलेगा।

## मंदिर में शादी का मुद्दा गरमाया, पूर्व विधायक नेमा बोले- सरंक्षित स्मारक में शादी कैसे हुई

इंदौर (ए.)। इंदौर के प्राचीन गोपाल मंदिर में शादी के आयोजन का मुद्दा गरमा गया है। भाजपा और कांग्रेस के नेता ने इस पर आपत्ति जताई है। उधर शादी का मुद्दा गरमाता देख संभागायुक्त दीपक सिंह ने भी जांच के आदेश दिए है। प्रारंभिक जांच में यह पता चला कि पहले भी मंदिर शादी के लिए किराए पर दिया जाता था, लेकिन इस बार की शादी में ज्यादा मेहमानों को बुलाया गया और वहां पर खाने की व्यवस्था भी की गई। भाजपा के पूर्व विधायक गोपी नेमा ने कहा कि इंदौर के अफसर बधाई के पात्र है। शहर के मध्य गोपाल मैरेज हॉल का जनता को पता चला। करोड़ों रुपये लगाकर जिस मंदिर को संवारा गया। उसे नाम मात्र के किराए पर क्यों दिया जा रहा है। मंदिर परिसर के किराएदारों को पहले निकाला गया। इससे कई लोग बेरोजगार हो गए, लेकिन अब तो मंदिर परिसर ही किराए पर दे दिया गया। इससे भक्तों की भावनाएं आहत हुई है।

## 4 बच्चे पैदा करें ब्राह्मण, एक लाख रुपए इनाम मिलेगा, सनातन की रक्षा के लिए यह जरूरी



इंदौर(ए.)। देखिए हमारे देश में विधर्मी लोगों की आबादी बहुत तेजी से बढ़ रही है। वजह ये है कि हमने अपने परिवार पर ध्यान देना लगभग बंद कर दिया है। युवाओं से मेरी बड़ी उम्मीद है। जो युवा हैं वह ध्यान से कान खोलकर सुन लें कि आने वाली पीढ़ी की रक्षा आपके हाथों में है। जो युवा अच्छा पद-प्रतिष्ठा हासिल कर लेते हैं और एक बच्चा करके विराम लगा देते हैं। ये मामला बहुत ही गड़बड़ है। मेरा आपसे आग्रह है कि चार तो होना ही चाहिए। जिनके चार बच्चे होंगे सनाढ्य समाज में उन्हें परशुराम कल्याण बोर्ड एक लाख रुपए का इनाम देगा। चाहे मैं परशुराम कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष रहूं या ना रहूं। कोई भी रहेगा उसकी ओर से दिया जाएगा।यह बातें इंदौर में आयोजित सनाढ्य ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन में परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया ने कही। उन्होंने नए जोड़ों से चार बच्चे पैदा करने का आग्रह किया है। इसके लिए बतौर प्रोत्साहन उन्हें 1 लाख रुपए इनाम देने की घोषणा भी की। सम्मेलन रविवार को हुआ था। परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष राजोरिया ने मंच से कहा मैं युवाओं से पूछता हूं तो वे ये कहते हैं कि पढ़ाई में ज्यादा खर्च होता है, अरे खर्चा कम होगा, ज्यादा होगा। थोड़ा कम में गुजारा कर लेंगे, लेकिन बच्चे पैदा करने में पीछे नहीं रहना है, नहीं तो विधर्मी लोग इस देश पर कब्जा कर लेंगे।

## नेता एक दूसरे को नंगा कर रहे, उनके बच्चे सुरक्षित नहीं, हमारा क्या होगा?



इंदौर (ए.)। इंदौर में भाजपा पार्षद कमलेश कालरा और जीतू यादव के बीच चल रहे विवाद ने शहरवासियों के जहन में भी डर बैठा दिया है। शहरवासियों का कहना है कि जब नेताओं के बच्चे ही सुरक्षित नहीं हैं तो हमारा क्या होगा। नेताओं के घरों में घुसकर हमले हो रहे हैं तो फिर हम इंदौर में कितने सुरक्षित हैं।

**अहिल्या की नगरी का नाम डुबा रहे नेता**

सचिन मालावंत ने कहा कि शहर में ड्रग्स का धंधा बढ़ता ही जा रहा है। अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। नेताओं को शहर को सुरक्षित रखने पर ध्यान देना चाहिए जबकि ये खुद लड़े जा रहे हैं। सचिन ने कहा कि अहिल्या की नगरी में कोई भूखा नहीं सोता। यहां पर देशभर के लोग आना चाहते हैं। यदि इसी तरह यहां पर अपराध बढ़ेंगे तो कोई क्यों आएगा। सचिन ने कहा हमारे वोट का क्या उपयोग किया नेताओं ने, आज यह एक दूसरे को ही नंगा कर रहे हैं। इंदौर की जनता कभी भी इस तरह के नेताओं को कबूल नहीं करेगी।

**गुंडों को संरक्षण दे रहे नेता**

माया देवी ने कहा कि शहर का माहौल खराब होता जा रहा है। युवा मर्यादा में नहीं हैं, नशा बढ़ता जा रहा है। नेता खुद शहर का माहौल खराब कर रहे हैं। आज गुंडों को नेता खुद संरक्षण दे रहे हैं। पुलिस और प्रशासन क्यों सख्ती नहीं कर रहा है। जगह जगह युवा नशा कर रहे हैं। बस्तियों में हालत बहुत खराब है। पुलिस पकड़ती भी है तो तुरंत छोड़ देती है। सरकार को शिक्षा और रोजगार पर ध्यान देना चाहिए। युवा पीढ़ी पूरी तरह से बर्बाद हो रही है और नेता उन पर ध्यान देने की बजाय खुद लड़े जा रहे हैं।

**नेताओं के बच्चे सुरक्षित नहीं, हमारा क्या होगा**

कविता मालवीय ने कहा कि महिलाएं बिल्कुल सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं पर अपराध लगातार हो रहे हैं। इंदौर जैसे शहर में इतने अपराध हो रहे हैं सोचिए गांवों में छोटी जगह पर क्या हो रहा होगा। नेताओं के बच्चे भी सुरक्षित नहीं हैं तो हमारे बच्चों का क्या होगा। अभी जो घटनाएं हुई हैं उनकी वजह से डर बैठ गया है। हमें अपने परिवार की चिंता होती है। इस तरह से अपराध बढ़ते रहेंगे तो शहर का भविष्य क्या होगा।

## इंदौर में स्थानीय अवकाश मकर संक्रांति, रंगपंचमी और दशहरे पर छुट्टियां

इंदौर (ए.)। इंदौर जिले के कलेक्टर ने वर्ष 2025 के लिए स्थानीय अवकाशों की सूची जारी कर दी है। इस सूची के अनुसार, मकर संक्रांति पर्व पर 14 जनवरी को स्थानीय अवकाश रहेगा। इंदौर में मकर संक्रांति का त्योहार बड़े उत्साह और पारंपरिक धूमधाम के साथ मनाया जाता है। लोग पतंगबाजी, तिल-गुड़ के व्यंजनों और सांस्कृतिक आयोजनों में हिस्सा लेते हैं। इसके अलावा, होली के बाद मार्च महीने में आने वाले रंगपंचमी पर्व पर भी स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। रंगपंचमी पर इंदौर की विश्व प्रसिद्ध रंगारंग गेर का आयोजन होता है, जो पिछले सौ वर्षों से शहर की पहचान बन चुका है। इस आयोजन में न केवल इंदौर, बल्कि देश और विदेश से लाखों लोग शामिल होते हैं। इस बार रंगपंचमी का अवकाश 19 मार्च, बुधवार को होगा।

**सामाजिक और सांस्कृतिक मेलजोल का प्रतीक**

इसके साथ ही दशहरे के अगले दिन दशहरा मिलन के अवसर पर 3 अक्टूबर को भी स्थानीय अवकाश रहेगा। दशहरा मिलन का यह आयोजन इंदौर में



सामाजिक और सांस्कृतिक मेलजोल का प्रतीक माना जाता है। इसके अलावा, इंदौर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों से जुड़े अहिल्या उत्सव पर भी आधे दिन के अवकाश की घोषणा की गई है, जो 22 अगस्त को होगा। यह सूची इंदौर के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को दर्शाती है। इन अवकाशों के माध्यम से नागरिक अपने त्योहारों और परंपराओं को सहेजने के साथ-साथ इन आयोजनों का आनंद उठा सकेंगे। इंदौर में मनाए जाने वाले ये त्योहार न केवल शहर की पहचान हैं, बल्कि यहां की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक भी हैं।

### व्यापार समाचार

## दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर पहुंचा 5G नेटवर्क, सेना ने बताया शानदार उपलब्धि

नई दिल्ली(ए.)। रिलायंस जियो ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में अपनी 5जी सेवा शुरु कर दी है। भारतीय सेना की 'फायर एंड फ्यूरी' कोर ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। सेना के मुताबिक, जियो टेलीकॉम और भारतीय सेना ने साथ मिलकर सियाचिन ग्लेशियर पर पहला 5त्र मोबाइल टॉवर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। इसे सियाचिन की एक अग्रिम चौकी पर लगाया गया है।

15 जनवरी को सेना दिवस से ठीक पहले सियाचिन ग्लेशियर पर 4जी व 5जी सेवा शुरु कर जियो ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। सियाचिन ग्लेशियर पर सेवा शुरु करने वाला जियो देश का पहला ऑपरेटर बन गया है। सेना ने इसे शानदार उपलब्धि बताते हुए कहा कि 'यह अदम्य उपलब्धि हमारे बहादुर सैनिकों को समर्पित है, जिन्होंने



चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तैनात रह कर इस चैलेंज को पूरा किया।'

इतनी ऊंचाई पर टावर लगाना बेहद कठिन रहा। सेना ने रसद सहित क्रू मेंबर की सुरक्षा सुनिश्चित की। तो जियो ने अपनी स्वदेशी फुल-स्टैक 5G तकनीक का उपयोग किया। फायर एंड फ्यूरी सिग्नलर्स और सियाचिन वारियर्स ने जियो की टीम के साथ मिलकर उत्तरी ग्लेशियर में 5G टावर स्थापित कर दिया। बताते चलें कि इस क्षेत्र में तापमान - 40एष्ट तक गिर जाता है। ठंडी हवाएं और बर्फीले तूफान अक्सर यहां आते रहते हैं।

सेना ने कहा, यह कदम भारतीय सेना की तकनीकी क्षमता को और बढ़ाएगा और सैनिकों को बेहतर संचार सुविधा प्रदान करेगा। 5जी कनेक्टिविटी के जरिए सैनिकों को अधिक तेज और विश्वविसनीय संचार सुविधाएं मिलेंगी, जो उनके अभियानों में सहायक होंगी।

## सोना 110 रुपये बढ़कर 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी स्थिर

नई दिल्ली(ए.)। सोने की कीमतों में सोमवार को लगातार पांचवें सत्र में तेजी देखने को मिली। आज सोने का भाव 110 रुपये बढ़कर 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। शुक्रवार को सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सोने की कीमतों में 1,660 रुपये या 2.1 प्रतिशत की तेजी आई और यह 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 110 रुपये बढ़कर 80,260 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एलकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी और करेंसी के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण रुपया कमजोर होकर 86.61 पर पहुंच गया, जिससे सोने की



कीमतों में तेजी आई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा रूस पर लगाए गए नए प्रतिबंधों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। जिससे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ गया।

## भारी गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों का लाखों करोड़ रुपये का नुकसान



नई दिल्ली (ए.)। कारोबारी सप्ताह के पहले दिन गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार अंत तक नहीं संभल सका। सोमवार को शेयर बाजार 1000 अंकों से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। पिछले कई दिनों से चली आ रही गिरावट के चलते निवेशकों का कई लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। सोमवार को शेयर बाजार 1048.90 अंक गिरकर 76,330.01 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 345.55 अंक गिरकर 23,085.95 के स्तर पर बंद हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,048.90 अंक यानी 1.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,330.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,129.19 अंक तक लुढ़क गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 345.55 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,085.95 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से जोमैटो, करीब सात प्रतिशत लुढ़क गया। इसके अलावा पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, सन फार्मा और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही।

## महंगाई के मोर्चे पर राहत भरी खबर! दिसंबर में चार महीने के निचले स्तर पर पहुंची खुदरा मुद्रास्फीति



नई दिल्ली(ए.)। देश में खुदरा महंगाई दर दिसंबर में चार महीने के निचले स्तर 5.22 फीसदी पर आ गई। यह दर नवंबर में 5.48 फीसदी थी। यह गिरावट खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण आई है। सरकार ने सोमवार को इसको लेकर आंकड़े जारी किए।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के तहत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में खाद्य महंगाई 8.39 फीसदी रही। जबकि नवंबर में यह 9.04 फीसदी और दिसंबर 2023 में 9.53 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक, दिसंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) और खाद्य महंगाई दोनों पिछले चार महीनों के सबसे निचले स्तर पर थे।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले महीने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 फीसदी से बढ़ाकर 4.8 फीसदी कर दिया था।

## रुपया शुरुआती कारोबार में सर्वकालिक निचले स्तर पर; 55 पैसे टूटकर 86.59 प्रति डॉलर तक आया


नई दिल्ली (ए.)। रुपये में गिरावट का सिलसिला सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा। रुपया 55 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 86.59 पर आ गया। अस्थिर वैश्विक संकेतों के बीच मजबूत अमेरिकी मुद्रा के कारण रुपया टूटा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के कारण भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव रहा।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## परीक्षाओं पर संदेह का साया

*उत्तरी राज्यों में सरकारी नौकरियों में भर्ती की तमाम परीक्षाओं पर संदेह का साया घिरा हुआ है। पेपर इतनी बार लीक हुए हैं या इन्हें अदालतों ने रद्द किया है कि परीक्षाओं को लेकर अविश्वास का माहौल बनना लाजिमी है।बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की संयुक्त (प्रारंभिक) परीक्षा में शामिल हुए छात्र दोबारा इम्तहान की मांग को लेकर जिस ढंग से जान दांव पर लगाए हुए हैं, उसके कारणों को समझना बेहद जरूरी है।इसके दो प्रमुख आयाम हैः पहला यह कि उत्तरी राज्यों में सरकारी नौकरियों में भर्ती के होने वाली तमाम परीक्षाओं की संदिग्ध हो चुकी है। पेपर इतनी बार लीक हुए हैं या गड़बडियों के आरोप में इन्हें इतनी बार अदालतों ने रद्द किया है कि परीक्षाओं को लेकर अविश्वास का माहौल बना चुका है।दूसरा पहलू समाज में अच्छे रोजगार के अवसरों का बेहद सिकुड़ जाना है। इस कारण सरकारी नौकरियां ही स्थिर करियर का एकमात्र आश्वासन रह गई हैं।बिहार एवं उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां निजी कारोबार में सम्मानजनक काम पाने की गुंजाइशें बेहद सीमित हैं, वहां इन नौकरियों को लेकर मारामारी मचने की मिसालें और भी ज्यादा देखने को मिल रही हैं। पटना की सड़कों पर बिहार के विभिन्न इलाकों से आए सैकड़ों छात्र दो हफ्तों से कड़ी ठंड के बीच बीपीएसी परीक्षा को दोबारा आयोजित करने की मांग इसलिए कर रहे हैं, क्यों उन्हें पेपर लीक का शक है।छात्रों ने परीक्षा में कई दूसरी तरह की अनियमितताओं के आरोप भी लगाए हैं। इनमें प्रश्न पत्र के स्तरहीन होने और कोचिंग संस्थानों के मॉडल सवालों के मेल खाने के इल्जाम शामिल हैं।आरोप है कि कई केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा और जैमर काम नहीं कर रहे थे। कुछ केंद्रों पर प्रश्न पत्र देरी से वितरित किए गए।परीक्षा से कुछ समय पहले भी ये छात्र पटना में इकट्ठा हुए थे। तब उनकी मांग थी कि सारे राज्य में एक ही दिन, एक ही समय, और एक ही प्रकार के प्रश्न पत्र पर इम्तहान लिया जाए।विरोध को देखते हुए अलग-अलग केंद्रों पर अलग परीक्षा आयोजित करने का इरादा बिहार लोक सेवा आयोग ने तब टाल दिया था। मगर परीक्षा के बाद दूसरे संदेह खड़े हुए।तो अब छात्रों की चिंताओं पर सहानुभूति से गौर किया जाना चाहिए। उन पर लाठी-डंडा या ठंडे पानी की बौछार चलाना कोई समाधान नहीं है, जैसाकि रविवार को हुआ।*




*जबलपुर में नर्मदा नदी के किनारे प्रवासी सीगल पक्षी आराम करते हुए.*

# आस्था और विश्वास का संगम है गंगासागर

**- रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। गंगासागर सिर्फ़ एक तीर्थस्थल नहीं है। यह भावना, संस्कृति, आस्था और विश्वास का संगम है। जीवन का उत्सव है। धर्म हमेशा से ही इस भूमि की संस्कृति में समाया हुआ है। कुम्भ मेले को छोडकर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। जहां मकर संक्रान्ति के मौके पर दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है।

मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रान्तियों में मकर संक्रान्ति का सबसे महत्व ज्यादा है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरु हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मन्दिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भागीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं। मकर संक्रांति पर जैसे ही सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। लाखों तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व



है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर बना हुआ हैं। जिन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रान्ति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। सुन्दरवन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान व ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है। यहां दलदल, जलमार्ग तथा छोटी छोटी नदियां, नहरें भी है। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी। किंतु अब इसका मुहाना पीछे हट गया है। अब इस द्वीप के पास गंगा की एक बहुत छोटी सी धारा सागर से मिलती है। यह मेला पांच दिन चलता है। इसमें स्नान मुहूर्त तीन दिनों का होता है। यहां अलग से गंगाजी का कोई मंदिर नहीं है। मेले के लिये एक स्थान निश्चित है। कहा जाता है कि यहां स्थित कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर सागर की लहरें बहा ले गयी थी। मन्दिर की मूर्ति अब कोलकाता में रहती है और मेले से कुछ सप्ताह पूर्व यहां के पुरोहितों को पूजा अर्चना के लिये मिलती है।गंगासागर में मकर संक्रान्ति से पन्द्रह दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनिया के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री, साधु-संत आते हैं और संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। मेले की विशालता के कारण लोग इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रान्ति के दिन यहां सूर्यपूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु जी के कहने पर कपिलमुनी के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेंना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरुप कपिलमुनी का जन्म हुआ जिन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चल कर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बना कर तप करने लगे।

इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इस के बाद यज्ञ के अश्वों को स्वतंत्र छोड़ा गया। परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते है। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सगर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलतः सगर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हे अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हे शापित करते हुये अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया। मुनि के श्राप के कारण उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकी। काफी वर्षों के बाद राजा सगर के पौत्र राजा भागीरथ कपिल मुनि से माफी मांगने पहुंचे। कपिल मुनि राजा भागीरथ के व्यवहार से प्रसन्न हुए। उन्होने कहा कि गंगा जल से ही राजा सगर के 60 हजार मृत पुत्रों का मोक्ष संभव है।

# मिल्कवीडः आत्मनिर्भर भारत का फाइबर

डीन कामेन

यह विचारशील उद्धरण सफलताओं के सार को रेखांकित करता हैः जब चुनौतियां नए परिप्रेक्ष्यों से जुड़ती हैं और प्रौद्योगिकी नए समाधानों तक पहुंचने के सेतु का काम करती है। वस्त्र जैसे उद्योगों में, यह तालमेल पारंपरिक तरीकों में बदलाव ला रहा है, स्थिरता को बढ़ावा दे रहा है, और नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता और सहायक सरकारी नीतियां मिश्रित सामग्रियों में सुदृढीकरण के रूप में बास्ट फाइबर के उपयोग में तेजी ला रही हैं, ताकि बढ़ती आबादी की ज़रूरते पूरी की जा सकें। बास्ट फाइबरों का प्राकृतिक रूप से सड़नशील होना और उनकी प्रचुरता, पर्यावरण के अनुकूल नवाचार की ओर बदलाव को चिह्नित करते हुए उन्हें ऑटोमोटिव उद्योग, संरचनात्मक कंपोजिट, पल्पिंग और टेक्सटाइल में प्रयोग के लिए आदर्श बनाती है।

प्राकृतिक चमत्कार मिल्कवीड फाइबर, भारत के वस्त्र परिदृश्य में क्रांति लाने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देने को तत्पर है। अपने आशाजनक गुणों, टिकाऊ खेती और किसानों की आजीविका को बढ़ाने की अपार संभावनाओं के साथ, मिल्कवीड बढ़ती आबादी के साथ वैकल्पिक फाइबर की अत्यावश्यक मांग का समाधान है, जो भारत के सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप है।

मिल्कवीड का पौधा

मिल्कवीड की फली

मिल्कवीड कोई साधारण फाइबर नहीं है। इसके बीज की फली के भीतर लगे रेशमी, खोखले तंतुओं से प्राप्त, यह हल्का फाइबर असाधारण गुणों से युक्त होता है, जो इसे टिकाऊ सामग्रियों की तलाश में अग्रणी बनाता है। इसकी खोखली संरचना इसे उच्च संपीड़न और बेहतरीन थर्मल इन्सुलेशन प्रदान करती है, जिसका थर्मल मूल्य 100 प्रतिशत पॉलिएस्टर नॉनवॉवन (या बिना बुने कपड़े) से लगभग दोगुना है। मिल्कवीड को पॉलिएस्टर, ऊन, विस्कोस या कपास जैसे अन्य फाइबरों के साथ मिश्रित किए जाने पर, यह कपड़े की कोमलता, सांस लेने की क्षमता और गर्माहट को बढ़ाता है, जिससे न केवल आरामदायक बल्कि प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार होते हैं। फाइबर भौतिक गुणों की तुलना परीक्षण के मापदंड मिल्कवीड कपास पॉलिएस्टर ऊन थर्मल मूल्य (क्लो) 6.28 -3.35 1.17 नमी की पुनः प्राप्ति (प्रतिशत) 11 से 12 6.8 से 7.5 1.4 से 1.5 - घनत्व (ग्राम/सेमी) 0.89 से 0.90 0.3 से 0.4 1.2 से 1.3-मिल्कवीड की तकनीकी विशेषताओं के अतिरिक्त इसकी खेती भारत के कृषक समुदाय के लिए परिवर्तनकारी अवसर प्रस्तुत करती है। इस बारहमासी फसल को न्यूनतम इनपुट की आवश्यकता होती है। यह नाना प्रकार की मिट्टी की स्थितियों में पनपता है, और बदलती जलवायु के साथ सामंजस्य स्थापित कर लेता है। एक बार लगाए जाने के बाद, यह 10 साल तक उपज देता रहता है, और इसकी पैदावार में सालाना वृद्धि होती है। किसान प्रति एकड़ लगभग 1.5-2 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जो कपास जैसी पारंपरिक फसलों से होने वाली आय की तुलना में काफी अधिक है। यह न केवल वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करता है बल्कि संसाधन-गहन फसलों पर निर्भरता को भी कम करता है, जिससे यह एक टिकाऊ और आकर्षक विकल्प बन जाता है।

नॉनवॉवन फैब्रिक

(30प्रतिशत मिल्कवीड फाइबर सहित)

भारत में भेड़ों की आबादी 7.4 करोड़ से अधिक है और वह सालाना 3.69 करोड़ किलोग्राम कार्पेट-ग्रेड ऊन का उत्पादन करता है, लेकिन परिधान में इस्तेमाल होने वाले मेरिनो जैसे उत्तम ग्रेड के ऊन के लिए वह वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुसार लगभग 1,800 करोड़ रुपये मूल्य जितने आयात पर निर्भर करता है। घरेलू स्तर पर उत्पादित ऊन आम तौर पर बेहतर गुणवत्ता का नहीं होता है, जिससे अक्सर असुविधा होती है और यह त्वचा के अनुकूल नहीं होता है। जबकि पश्मीना ऊन, जिसका माइक्रोन मूल्य 20 से कम है, असाधारण गुणवत्ता का होता है, इसका उत्पादन सीमित है। सरकार की पश्मीना ऊन विकास योजना और एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम जैसी पहलों ने लद्दाख, जम्मू -कश्मीर और राजस्थान जैसे क्षेत्रों में भेड़ पालन, पश्मीना उत्पादन और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। यह क्षेत्र 35 लाख लोगों को आजीविका प्रदान करता है और वैश्विक बाजारों में भारत के ऊनी कार्पेट, कपड़ों और परिधानों के निर्यात को बढ़ावा देता है।मिल्कवीड-ऊन मिश्रण एक टिकाऊ समाधान के रूप में उभरा है, जो फाइबर की गुणवत्ता को बढ़ाते हुए आयात पर निर्भरता को कम करता है। उत्तर भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (निटरा) द्वारा उद्योग जगत के हितधारकों के सहयोग से हाल ही में की गई प्रगति ने एक अभिनव 80:20 ऊन-मिल्कवीड मिश्रण की औद्योगिक व्यवहार्यता को प्रदर्शित किया है। यह मिश्रण थर्मल इन्सुलेशन, हल्के गुणों और कोमलता में 100 प्रतिशत ऊन से आगे निकल जाता है, जो इसे उच्च-स्तरीय और कार्यात्मक वस्त्रों के लिए प्रीमियम पसंद बनाता है।

मिल्कवीड की बहु उपयोगिता कई तरह के अनुप्रयोगों तक फैली हुई है। परिधान, घरेलू वस्त्र और स्वच्छता उत्पादों से लेकर विभिन्न उत्पादों में पारंपरिक फाइबर की जगह लेने की इसकी क्षमता अपार है। लद्दाख की अपनी यात्रा के दौरान, मुझे मिल्कवीड के रेशों से बने उत्पादों की असाधारण गुणवत्ता का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर मिला। मैंने इस फाइबर से बनी एक रजाई का परीक्षण किया और इसे बेहद गर्म और आरामदायक पाया ‌ यहां तक कि मुझे किसी भी हीटिंग उपकरण का उपयोग करने की भी आवश्यकता नहीं पड़ी।

मैंने निटरा द्वारा विकसित एक टोपी और जैकेट को भी आज़माया, जिन्होंने पूरी यात्रा के दौरान मुझे बखूबी गर्म रखा।

# आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। भाई, बहनों का सहयोग मिलेगा। आपको किसी से दूरसंचार द्वारा शुभ सूचना मिल सकती है।

वृष राशि : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज व्यावसायिक काम समय पर बनते जाएंगे। विदेश संबंधी व्यवसाय में परिस्थितियां आपके अनुकूल होने के आसार हैं। आज ऑफिस में सहयोगियों की कार्यकुशलता से टारगेट समय पर पूरा हो जाएगा। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा न करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

मिथुन राशि : आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी। आज रोजमर्रा के कामों से हटकर कुछ नया सीखने में समय बीतेगा। प्रॉपर्टी या वाहन की खरीददारी में लाभ की बेहतर स्थिति बनेगी। अगर आप नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं, तो आपको परिवार का पूरा साथ मिलेगा।

कर्क राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। थोड़ी से बात पर परेशान होने के बजाय उसका हल ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको समाधान मिल जाएगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। आज आपके घर नन्हे मेहमान के आगमन का योग बन रहा है।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यवसाय में अतिरिक्त आय का साधन बनने वाला है। अगर आपका साझेदारी में बिजनेस करने का प्लान है तो ये डील आपके लिए फायदेमंद होगी। अधिकतर समय मार्केटिंग और बाहर की गतिविधियों में बीतेगा। इस राशि के सरकारी नौकरी में लोग अपने कार्यभार से संतुष्ट रहेंगे। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा।

कन्या राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज ध्यान रखें कि अगर प्रयासरत कार्यों में समस्या आती है तो इसकी वजह आपकी एकाग्रता में कमी होगी। आज सम्मानित और प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आने से आपको कई नए विषयों की जानकारी मिलेगी। आज घर के लिए इलेक्ट्रॉनिक वस्तु की खरीदारी संभव है। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा। आस-पड़ोस की सामाजिक गतिविधियों में आपका वर्चस्व रहेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित काम हल होगा। आज नकारात्मक लोगों से दूर रहेंगे और आलस की स्थिति से बचेंगे तो आपको मानसिक सुकून मिलेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। इस समय नया कार्य शुरू न करें, आज के कामों को ही व्यवस्थित करने पर ध्यान देंगे। ऑफिस में आपका प्रभुत्व बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोकझोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशि : आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। संतान की नकारात्मक गतिविधि का पता चलने से आपकी चिंता बढ़ सकती है जिसे आप किसी की सहायता से सुलझा लेंगे। परिस्थितियों को गुस्से में हल न करें, धैर्य रखेंगे तो सब जल्दी ही ठीक हो जाएगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

मकर राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। आज आप लेनदेन को स्थगित रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जाएंगे। इस राशि के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपकी ऑफिशियल यात्रा संभव है।

कुंभ राशि : आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका दिन खुशनुमा बीतेगा। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है। सहकर्मी आपके काम की शिकायत कर सकता है।

मीन राशि : आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए है। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे और इसमें आप सफल भी होंगे। पारिवारिक सदस्य की किसी उपलब्धि से घर में उत्सव का माहौल रहेगा। मार्केटिंग की जॉब कर रहे लोगों से आज अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा, जो भविष्य में अच्छा धन लाभ कराएगा।

# पूंजीवादी व्यवस्था और आदर्श समाज की स्थापना

**भारत डोगरा**

इतिहास के पृष्ठों में यह सवाल बार-बार उभरता रहा है कि किसी भी समय का कोई समाज आदर्श के कितना नजदीक या दूर रहा है, पर इसके बावजूद यह आदर्श समाज या देश कैसा होना चाहिए इसके बारे में मतभेद आज तक बने हुए हैं।

अनेक बड़े स्वार्थ और ताकतें अपने हितों के अनुसार इस आदर्श समाज की सोच प्रस्तुत करते हैं और फिर अपने संसाधनों के भरपूर उपयोग से इस सोच का ही प्रचार-प्रसार करवाते हैं और अनुचित को उचित, गलत को सही सिद्ध करने का प्रयास करते हैं। इसका एक उदाहरण तो यह सोच है कि किसी एक देश का विश्व पर या बड़े क्षेत्र पर दबदबा या आधिपत्य उस देश का आदर्श है। इस तरह की सोच से किसी का भी भला नहीं होगा और बहुत सी हिंसा नाहक होगी पर शक्तिशाली देशों के असरदार व्यक्ति ऐसी सोच को तरह-तरह की आकषर्क शब्दावली में प्रस्तुत करते हैं तो उनका बहुत महिमा-मंडन किया जाता है क्योंकि शक्तिशाली और संसाधन संपन्नों को ऐसी सोच की जरूरत है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पूंजीवादी और साम्यवादी देशों में एक होड़ थी कि किस व्यवस्था को विश्व में अधिक लोग अपने आदर्श के रूप में देखें और अपनाएं। दोनों व्यवस्थाओं ने अपना खूब प्रचार किया पर अपनी भीतरी समस्याओं और विसंगतियों को दूर नहीं किया। अतः पूंजीवादी व्यवस्था में शोषण और विषमता, पर्यावरण विनाश और युद्ध को बढ़ाने की प्रवृत्ति बनी रही तो साम्यवादी व्यवस्थाओं में अपने ही लोगों पर अत्याचार हुए और इसका पर्याप्त विरोध भी वहां नहीं किया जा सका।

सोवियत संघ के विघटन के बाद चीन ने भी पूंजीवादी देशों से सहयोग का रास्ता ही अपनाया और ऐसा लगा और प्रचारित भी हुआ कि अब तो पूंजीवाद की ही जीत है पर इस तरह की बहुत अनुकूल स्थितियों के बाद सबसे शक्तिशाली देशों ने युद्ध की प्रवृत्ति को छोड़ा नहीं अपितु विनाशकारी युद्धों और हमलों में दुनिया को उलझा दिया। यहां तक कि इस कारण तीसरे महायुद्ध का खतरा भी सामने आ गया। आक्रामकता के साथ पूंजीवाद की स्व-विनाशकारी प्रवृत्तियां भी नजर आई और अनुकूल स्थितियों के रहते हुए भी प्रमुख पूंजीवादी देशों (जैसे अमेरिका और ब्रिटेन) में बड़ी संख्या में लोग बुनियादी जरूरतों को जुटाने तक के लिए संघर्ष करते हुए पाए गए हैं, जबकि आज जर्मनी भी अपनी बिगड़ती आर्थिक स्थिति के बारे में बहुत चिंतित हैं। अतः बहुत अनुकूल स्थितियां मिलने पर भी पूंजीवादी व्यवस्था आदर्श समाज की स्थापना व्यापक और दीर्घ स्तर पर करने में विफल है। कुछ छोटे देशों ने थोड़े समय के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त किए हैं, पर ये बहुत टिक नहीं पाए हैं (नाव्रे, स्वीडन आदि देशों के अनुभव) और न ही ये पूंजीवाद की कुछ व्यापक विसंगतियों से बच पाए हैं। दूसरी ओर, पर्यावरण और छोटे किसानों के हितों की रक्षा न कर पाने, लोकतंत्र और लोकतांत्रिक विपक्ष को उचित मान्यता न देने के कारण साम्यवादी व्यवस्थाएं भी अपनी इस मान्यता को तेजी से खो रही हैं जो उन्होंने बहुत से न्यायप्रिय व्यक्तियों के बीच एक समय प्राप्त की थीं। इन निराशाओं के बावजूद मनुष्य की आदर्श व्यवस्था के लिए तलाश जारी रहेगी और अधिक सार्थक परिणाम के लिए उसे पहले की गलतियों से सीखते हुए ही आगे बढना् होगा। मौजूदा समय विशेष कठिनाइयों का समय है क्योंकि अनेक पर्यावरणीय समस्याएं एक साथ विकट होती जा रही हैं, युद्ध अधिक खतरनाक होते जा रहे हैं और हथियार अधिक विनाशकारी होते जा रहे हैं। यह समय बहुत सावधानी से सही मार्ग खोजने का है, और उसी राह पर आगे बढने् का है।

इस स्थिति में यदि आदर्श समाज को इस तरह परिभाषित कर सकें जो सरल होते हुए भी तर्कसंगत हो और जिसे बहुत से लोग आसानी से समझ कर अपना सकें तो यह बहुत उपयोगी होगा। आदर्श समाज वह समाज है जो न्याय और समता, अमन-शांति और लोकतंत्र, पर्यावरण, सामाजिक संबंधों की प्रगाढ़ता, ईमानदारी, महिला-सम्मान, भेदभाव की समाप्ति और सभी जीवन-रूपों के लिए करुणा पर आधारित है। इन सभी जीवन-मूल्यों को स्थानीय स्थितियों के आधार पर अपनाना चाहिए और इस तरह आदर्श समाज का रूप विश्व में विभिन्न स्थानों पर कुछ अलग जरूर होगा पर फिर भी चूंकि बुनियादी जीवन-मूल्य एक ही हैं, तो इसमें बहुत समानता भी होगी। यह सोच एक स्तर पर सरल और सीधी-सादी है और यह ऐसा गुण है जिसके आधार पर इसे बहुत से लोग आसानी से अपना सकते हैं। पर अपने समाज की विशेष स्थितियों में जब लोग यह तय करने के लिए एकत्र होंगे कि न्याय और समता की राह क्या है, अमन-शांति की राह क्या है, तो इस बारे में बहुत से अलग-अलग विचार सामने आएंगे। इस तरह जो पहली नजर में सीधा-सरल लगता है, उसमें अनेक विवाद भी आ सकते हैं। फिर भी यदि इन जीवन-मूल्यों को सही भावना से अपनाया गया है तो कोई बड़ी कठिनाई नहीं आएगी। विवादों का समाधान हो जाएगा। अमन-शांति और लोकतंत्र की सोच को जिन्होंने भली-भांति अपना लिया है, वे थोड़ा-बहुत लड़-झगड़ कर भी अंत में इन बुनियादी सिद्धांतों पर आधारित आदर्श समाज अपनी स्थानीय स्थितियों के अनुसार बना ही लेंगे।

यदि इस तरह के प्रयास विश्व के विभिन्न देशों में होते रहेंगे तो विभिन्न देशों में इस तरह के जीवन-मूल्यों पर आधारित सोच आगे आ सकेगी और उसे विभिन्न देशों में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त हो सकेगा। इस तरह विभिन्न देशों में युद्ध और टकराव की संभावना को रोकने में मदद मिलेगी जो इस समय विश्व की बड़ी जरूरत है। इस व्यापक प्रयास से जुडने् का पहला कदम तो यही है कि इन विभिन्न सिद्धांतों के आधार पर यानी न्याय, समता, अमन-शांति, पर्यावरण रक्षा, सभी जीवों के प्रति करुणा आदि के आधार पर हम अपने आसपास के परिवेश को देखने-समझने लगें, और गंभीर रचनात्मकता से सोचने लगें कि इसमें कहां, क्या, किस सुधार की जरूरत है। इस तरह के नजरिए से अपने आसपास के समाज को देखना और समझना ही इस दिशा में पहला कदम है, और अपने आप में सामाजिक प्रगति भी है। यह रचनात्मक प्रयास हो सकता है, और शिक्षा व्यवस्था में इसे महत्त्वपूर्ण स्थान मिलना चाहिए। बड़ी बात है कि हम अपने परिवेश को, समाज को उसके जड़ रूप में ही न देखते रहें, बल्कि इस ओर अधिक ध्यान दें कि न्याय की दृष्टि से बेहतर संबंधों, अमन-शांति की दृष्टि से इसे किस तरह का होना चाहिए। यदि नई पीढ़ी यह सोचते-विचारते हुए, इस बारे में अपनी समझ बनाते हुए अपना जीवन जीएगी तो निश्चय ही एक बेहतर दुनिया बनाने में बहुत मदद मिलेगी। दुर्भाग्यवश शिक्षा सुधारों में प्रायः इस तरह की सोच को अधिक महत्त्व नहीं दिया गया है, पर यदि यह हो सके तो यह एक महत्त्वपूर्ण कदम सही दिशा में होगा।







# खुशहाल दिल्ली के लिए, कांग्रेस है जरूरी, जयराम रमेश ने चुनावी दंगल में पार्टी की जीत का भरा दम

नई दिल्ली (ए)। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने सोमवार को जीवन रक्षा योजना का हवाला देते हुए इस बात पर जोर दिया कि समृद्ध दिल्ली के लिए कांग्रेस जरूरी है। यह योजना 5 फरवरी को होने वाले आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी द्वारा घोषित की गई है। जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि मिलेगी स्वास्थ्य सुरक्षा, होगी हर जरूरत पूरी, खुशहाल दिल्ली के लिए, कांग्रेस है जरूरी। जीवन रक्षा योजना- 25 लाख रुपए का मुफ्त इलाज। एक अन्य ट्वीट में जयराम रमेश ने लिखा कि देश के भविष्य युवाओं के लिए कांग्रेस की युवा उड़ान योजना, युवाओं को एक साल की अप्रेंटिसशिप, हर महीने मिलेंगे 8,500 रुपए, होगी हर जरूरत पूरी, कांग्रेस है जरूरी। कांग्रेस ने 8 जनवरी को जीवन रक्षा योजना की घोषणा की, जिसमें प्रति परिवार 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर देने का वादा किया गया। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। गहलोत ने इस योजना को दिल्ली में गेम चेंजर बताया।



दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस द्वारा घोषित यह तीसरा प्रमुख चुनावी वादा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव सचिन पायलट ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वित्तीय सहायता 'युवा उड़ान योजना' के तहत प्रदान की जाएगी और यह सहायता मुफ्त में नहीं है। पायलट ने कहा, ''हम उन युवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे, जो किसी कंपनी, कारखाने या संगठन में अपना कौशल दिखा सकते हैं। इन कंपनियों के जरिए उन्हें ये पैसे मिलेंगे। यह कोई ऐसी योजना नहीं है, जिसके तहत घर बैठे पैसे मिल जाएंगे।''

## दिल्ली हवाई अड्डे पर 1.41 करोड़ रुपये का सोना जब्त, आरोपी दंपति गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर तस्करी कर लाया गया 1.41 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त कर इस सिलसिले में आरोपी दंपति को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीमा शुल्क विभाग के मुताबिक रविवार को बहरीन से आने के बाद दंपति को हवाई अड्डे पर रोक लिया गया। सीमा शुल्क विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1.5 किलोग्राम सोना (जिसकी कीमत 1.11 करोड़ रुपये है) बरामद किया। तस्करी कर लाए गए सोने को पुरुष यात्री द्वारा ले जाए जा रहे ट्रॉली बैग के अंदर चांदी के रंग के धातु के 15 तारों के रूप में छिपाया गया था। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि इसके अलावा अधिकारियों ने एक महिला यात्री के ट्रॉली बैग के अंदर छिपाकर रखे गए चांदी के रंग के धातु के चार तारों के रूप में सोना बरामद किया।



दिल्ली की मुख्यमंत्री और आप उम्मीदवार आतिशी, पार्टी नेता मनीष सिसोदिया के साथ, आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करने से पहले कालकाजी में रोड शो का नेतृत्व करती हुई।

## भारत ने सीमा पर बढ़ाई तैनाती तो भड़क गया बांग्लादेश, उच्चायुक्त को किया तलब



नई दिल्ली (आरएनएस)। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार हटने के बाद से ही भारत के साथ तनातनी बढ़ती ही जा रही है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर होने वाले हमले को लेकर भारत ने कई बार आपत्ति जाहिर की है। वहीं अब सीमा पर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (BGB) और बीएसफ के बीच तनाव बढ़ गया है। आम तौर पर भारत और बांग्लादेश की सरहद पर शांति रहती थी। हालांकि घुसपैठ, कंटीले तारों की बाड़ की वजह से तनाव की खबरें। इसी बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सीमा पर तनाव को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है। यह घटनाक्रम बांग्लादेश द्वारा यह आरोप लगाए जाने के कुछ घंटों बाद सामने आया है कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है। वर्मा को दोपहर लगभग तीन बजे मंत्रालय में प्रवेश करते देखा गया। विदेश सचिव जशीम उद्दीन के साथ उनकी बैठक लगभग 45 मिनट तक चली। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की ओर से हालांकि चर्चा के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया, लेकिन अधिकारियों ने पुष्टि की कि उच्चायुक्त को तलब किया गया है।




जम्मू-कश्मीर के गादरबल में जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा सम्मानित किया गया। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद थे।

# भाजपा सरकार ने माफिया को संरक्षण दिया : संजय राउत



मुंबई ,(आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बीड और परभणी जिलों में जो घटनाएं हुईं, वे चौंकाने वाली हैं।

राउत ने कहा कि भाजपा शासन में छोटे अपराधियों को फंसा दिया गया है, जबकि मुख्य आरोपी को बचा लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार ने माफिया को संरक्षण दिया है और इसके पीछे उनके पार्टी के सदस्य वाल्मिकी कराड जैसे लोग हैं। राउत ने कहा कि यह स्थिति एक प्रकार के माफिया राज जैसी हो रही है, जैसे शिकागो में हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों के परिवारों के साथ धोखा हुआ और जिनके परिजन मारे गए, वे धीरे-धीरे सामने आकर अपनी बात रखेंगे। राउत ने सरकार से आग्रह किया कि उन्हें सभी को सुरक्षा देनी चाहिए, बजाय इसके कि वे मुख्य आरोपी को बचाने की कोशिश करें। इसके साथ ही राउत ने स्पष्ट किया कि उन्होंने या शिवसेना के किसी भी नेता ने यह नहीं कहा कि इंडिया गठबंधन या महाविकास अघाड़ी टूट गई है। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी विधानसभा चुनाव के लिए था, जबकि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा के साथ होते हुए भी शिवसेना ने स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ा। राउत ने कहा कि महाराष्ट्र शांत तो है, लेकिन स्तब्ध है। बीड और परभणी में अशांति है, और राज्य में शांति लाने के लिए गुंडागर्दी को समर्थन देने का तरीका सही नहीं है।

## आठ वर्षीय बच्ची से बलात्कार के मामले में व्यक्ति को 20 वर्ष का कठोर कारावास



मुम्बई (ए.)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने आठ वर्षीय एक बच्ची से कई बार बलात्कार करने के मामले में उसके रिश्तेदार को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश वीएल भोसले ने छह जनवरी को 56-वर्षीय आरोपी को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि मामले में दोषी को कम सजा देने का कोई कारण नहीं दिखता। अदालत का यह फैसला पीड़िता और आरोपी की उम्र को ध्यान में रखते हुए तथा यौन अपराध के तरीके और आरोपी के बेहद आपत्तिजनक एवं शर्मनाक आचरण पर विचार करने के बाद आया। इसने मीरा रोड इलाके के नयानगर निवासी दोषी पर 1,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। आदेश की प्रति सोमवार को उपलब्ध कराई गई। मार्च 2020 में पीड़िता की मां ने उसे यहां मीरा रोड इलाके में अपनी एक रिश्तेदार के घर भेजा था। मार्च और जून 2020 के बीच उसकी रिश्तेदार के पति ने घर में कई बार लड़की के साथ बलात्कार किया। पीड़िता की मां उत्तर प्रदेश के प्रयागराज गई थी और कोविड -19 तथा लॉकडाउन के कारण वापस नहीं आ सकी। इस बीच, पीड़िता एक अन्य रिश्तेदार के घर गई, जहां उसने अपनी आपबीती सुनाई। उसकी मां जब लौटी तो उसे अपराध के बारे में पता चला, जिसके बाद उसने स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के साथ बदसलूकी, छूट गई फ्लाइट

नई दिल्ली (आरएनएस)। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो स्टाफ द्वारा बदसलूकी का आरोप लगाया है। बाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने सोशल मीडिया पर आपबीती बताते हुए इंडिगो और उसके स्टाफ के बर्ताव पर नाराजगी जताई है। उन्होंने काउंटर मैनेजर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और कहा है कि उन्हें ऐसा बुरा अनुभव पहले कभी नहीं हुआ।

## भुवनेश्वर में कक्षा 12वीं की छात्रा का शव छात्रावास में लटका मिला

भुवनेश्वर (ए.)। उत्कल संगीत महाविद्यालय की 12वीं कक्षा की एक छात्रा का शव सोमवार को उसके छात्रावास के कमरे में फंदे पर लटका मिला। यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी। पुलिस ने बताया कि छात्रा की पहचान उत्कलिका स्वैन के रूप में हुई है, जो केंद्रपाड़ा जिले की रहने वाली थी। पुलिस ने बताया कि स्वैन ने अपने कमरे में कथित तौर पर फंदा लगाने के लिए अपने दुपट्टे का इस्तेमाल किया। छात्रावास की वार्डन ने कहा, च्च्जब मैं सुबह करीब आठ बजे ड्यूटी के लिए छात्रावास पहुंची तो कुछ छात्राओं ने इस बारे में मुझे बताया। उत्कलिका कमरे में अकेली थी क्योंकि उसकी दो सहपाठी अपने घर चली गई थीं। वार्डन ने कहा, च्च्जब सुबह उत्कलिका की दोस्तों ने उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद छात्राओं ने मिलकर दरवाजा तोड़ा और उत्कलिका को फंदे से लटका पाया। सूचना मिलने के बाद कैपिटल पुलिस थाने के अधिकारी छात्रावास पहुंचे और जांच शुरू की। कैपिटल पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक दयानिधि नायक ने बताया, छात्रावास पहुंचने पर हमें लड़की कमरे में पंखे से लटकी मिली। हमने उसके स्थानीय अभिभावकों, दोस्तों और हॉस्टल स्टाफ से पूछताछ शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उत्कलिका का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

## दिल्ली के बाद बंगाल में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों पर कार्रवाई, 2 गिरफ्तार

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल पुलिस ने उत्तर 24 परगना जिले में दो बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी दस्तावेजों के साथ भारत में अवैध रूप से रहने के बाद गिरफ्तार किया। रुल हक और रफीकुल इस्लाम, जो दोनों बांग्लादेश के निवासी हैं, कई साल पहले उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर पहुंचे थे और कथित तौर पर जाली दस्तावेज जमा करके मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे फर्जी पहचान पत्र प्राप्त किए थे। नुरुल हक पकड़े जाने से बचने के लिए नारायण अधिकारी नाम का इस्तेमाल कर रहा था। फीकुल इस्लाम का मूल घर बांग्लादेश के मदारीहाट में है और वह भारत आया था, जहां उसने फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड बनवाकर इलाके में जमीन खरीदी और घर बनाया। पश्चिम बंगाल पुलिस ने जिला पुलिस से नारायण अधिकारी उर्फ हक के बारे में इनपुट मिलने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया, जो रफीक इस्लाम नाम के एक मकान मालिक के किराए के मकान में रह रहे थे, जो एक बांग्लादेशी भी है। जांच के दौरान, यह पाया गया कि हक उत्तर 24 परगना जिले में मछली पकड़ने का व्यवसाय चलाता था।


## मणिपुर के हालात में कितना सुधार, आर्मी चीफ ने दी जानकारी



इंफाल (ए.)। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सुझाव दिया कि मणिपुर में सुरक्षा बलों के बीच समन्वय है, लेकिन वे क्षेत्र में मजबूत आदिवासी संबद्धताओं और बिखरे हुए स्थानीय पुलिस बल से निपट रहे हैं। सेना प्रमुख ने सेना की वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि की तारीख में मणिपुर पर समग्र परिप्रेक्ष्य यह है कि जनजातीय संबद्धता ने एक मजबूत रेखा ले ली है। लेकिन हमें यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे देश के दृष्टिकोण के साथ काम करना होगा कि सुलह हो जाए। और मुझे नए राज्यपाल (पूर्व गृह सचिव अजय भल्ला) से बहुत उम्मीद है जो वहां गए हैं कि इस दिशा में कदम उठाया जाएगा। मणिपुर में तैनात बलों के बीच समन्वय की कमी पर एक सवाल का जवाब देते हुए, द्विवेदी ने कहा कि यह केंद्रीय बलों का धन्यवाद था कि जमीन पर कुछ समन्वय था। सेनाओं के बीच समन्वय की कोई कमी नहीं है. लेकिन हमें ये समझना होगा कि कौन सा पक्ष कहां है। मई 2023 में जब यह समस्या आई तो विभिन्न समुदायों की पुलिस के लिए अलग-अलग सामुदायिक क्षेत्रों में जाना बहुत मुश्किल था। तो इसके बाद डीजीपी ने आदेश जारी किया था कि आप चाहे जिस भी समुदाय से हों, अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में जाएं।

मई 2023 से मणिपुर राज्य जातीय हिंसा से तबाह हो गया है, जिसमें 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। राज्य में मैतेई और कुकी आबादी के बीच संघर्ष के परिणामस्वरूप वे भौगोलिक रूप से अलग हो गए हैं, मैतेई घाटी में चले गए हैं और कुकी पहाड़ियों पर चले गए हैं।

## उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की



श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि क्षेत्र में हिंसा फैलाने वालों को हमेशा हार का सामना करना पड़ेगा और ऐसे लोगों को लोकतंत्र को कोई नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग इलाके में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 6.5 किलोमीटर लंबी जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करने के बाद आयोजित एक कार्यक्रम में उमर ने यह बात कही। अब्दुल्ला ने पिछले वर्ष सुरंग निर्माण श्रमिकों पर हुए आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले एक स्थानीय चिकित्सक सहित सात लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने देश और जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

## विविध-समाचार

### डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत को भी न्योता, विदेश मंत्री एस जयशंकर जाएंगे अमेरिका

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वैंस के शपथ ग्रहण समारोह में भारत को भी न्योता मिला है। निमंत्रण पर विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिका जाएंगे। 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में जयशंकर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अमेरिका आने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बैठक करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर ट्रंप प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक करेंगे। इससे पहले अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से 5 दिन पहले बुधवार को ओवल ऑफिस से विदाई भाषण देंगे। 20 जनवरी को पद छोड़ने से पहले यह राष्ट्रपति के तौर पर अमेरिकियों और दुनियाभर के लोगों के लिए बाइडेन का अंतिम भाषण होगा, जो रात 8 बजे आरंभ होगा। वह सोमवार को विदेश मंत्रालय में अपने कार्यकाल की विदेश नीति पर केंद्रित एक भाषण देंगे।

### लॉ के छात्र पर जानलेवा हमला, 5 युवकों ने सुए से छेद डाला शरीर; डॉक्टरों को निकालनी पड़ी किडनी

नोएडा (आरएनएस)। ग्रेटर नोएडा प्रौद्योगिकी संस्थान में पांच युवकों ने एक लॉ के छात्र पर बर्फ तोड़ने वाले सुए से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी एक किडनी निकालनी पड़ी है। वह अभी भी अस्पताल के आईसीयू में वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। नोएडा के एशियन लॉ कॉलेज में बीए एलएलबी द्वितीय वर्ष का छात्र कनव नेगी, जो मूल रूप से उत्तराखंड के गढ़वाल का रहने वाला है और नोएडा के सेक्टर 105 में रहता है, GNIT में सेमेस्टर एग्जाम देने आया था। एग्जाम से पहले वह अपनी कार में बैठकर तैयारी कर रहा था। तभी पांच युवक वहां आए और उससे उसका नाम पूछा। नाम पता चलते ही युवकों ने कनव के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया और फिर उसे कार से बाहर खींचकर बर्फ तोड़ने वाले सूजे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपियों ने छात्र के पेट, पीठ और कंधे पर कई बार सूजा घोंपा।हमले में कनव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया। सूजे के वार से उसकी एक किडनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे डॉक्टरों को निकालना पड़ा। छात्र की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और वह आईसीयू में वेंटिलेटर पर है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया और उसके परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने छात्र के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और हमलावरों की तलाश कर रही है।

### सरसों के तेल को लेकर पति-पत्नी के बीच तलाक तक पहुंच गई नौबत, फिर ऐसे हुआ समझौता


आगरा ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के आगरा में एक अनोखा मामला सामने आया है जहाँ घर में रखे सरसों के तेल को लेकर पति-पत्नी के बीच इतना विवाद हुआ कि बात तलाक तक पहुँच गई। पत्नी द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद, मामले को परिवार परामर्श केंद्र भेजा गया जहां काउंसलिंग के बाद दोनों के बीच समझौता कराया गया। यह घटना आगरा के एक दंपत्ति से जुड़ी है जिनकी शादी साल 2020 में हुई थी। शादी के कुछ समय बाद, पत्नी ने पति से घर के खर्चों के लिए पैसे मांगने शुरू कर दिए। आरोप है कि पति अक्सर इस बात को टाल देता था। पैसों की तंगी से जूझ रही पत्नी ने घर में रखे सरसों के तेल को अपने मायके में बेचना शुरू कर दिया। जब पति को इस बात का पता चला तो दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया।विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी नाराज़ होकर अपने मायके चली गई और पिछले दो महीनों से वहीं रह रही थी। आखिरकार, पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद मामले को परिवार परामर्श केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया।



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के मल्लेश्वरम में कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण के अतिरिक्त भवन के शिलान्यास समारोह का उद्घाटन किया.

# नितिन गडकरी का बड़ा एलान, रोड एक्सीडेंट में घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 25000 रुपये

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि घायल दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले अच्छे लोगों को मौजूदा इनाम से पांच गुना अधिक 25,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। गडकरी ने कहा कि 5,000 रुपये का मौजूदा इनाम उन लोगों के लिए पर्याप्त नहीं है जो सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को घटना के बाद महत्वपूर्ण पहले घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाते हैं। मंत्री ने आगे बताया कि सरकार अब दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के लिए पहले सात दिनों के लिए 1.5 लाख रुपये तक के अस्पताल खर्च को कवर करेगी। कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि यह योजना केवल राष्ट्रीय राजमार्गों पर घायल होने वाले लोगों तक ही सीमित



नहीं है, बल्कि राज्य राजमार्गों पर घायल होने वाले लोगों पर भी लागू होती है। अक्टूबर 2021 में शुरू की गई गुड सेमेरिटन योजना के अनुसार, जो व्यक्ति घातक दुर्घटना के शिकार व्यक्ति को तत्काल सहायता प्रदान करके और गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के बाद पहला घंटा) के भीतर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। सरकार अच्छे लोगों को परिभाषित करती है जो, अच्छे विश्वास में, भुगतान या इनाम की उम्मीद के बिना और देखभाल या विशेष संबंध के किसी भी कर्तव्य के बिना, किसी दुर्घटना, या दुर्घटना, या आपातकालीन चिकित्सा स्थिति, या आपातकालीन स्थिति में घायल व्यक्ति को तत्काल सहायता या आपातकालीन देखभाल प्रदान करने के लिए स्वेच्छा से आगे आता है। नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास जरूरी है क्योंकि अर्थव्यवस्था अच्छे परिवहन और संचार सुविधाओं पर निर्भर करती है।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिली निराशाजनक हार के बाद सितसिपास ने दी प्रतिक्रिया

मेलबर्न, (ए)। ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले ही राउंड में हारकर बाहर होने के बाद, स्टेफानोस सितसिपास निराश हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी रणनीति ठीक नहीं साबित हुई। जिसके तहत उन्होंने डबल्स से नाम वापस लेकर सिंगल्स पर ध्यान केंद्रित करना चाहा, लेकिन यह फैसला उनके खिलाफ ही चला गया।

सितसिपास ने कहा, यह विडंबनापूर्ण है। मेरा मकसद था कि ऑस्ट्रेलियन ओपन में लंबा सफर तय करूं, लेकिन लगता है कि कर्मा ने मुझे सबक सिखा दिया।

सितसिपास चार सेट के मैच में 20 साल के अमेरिकी खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन से हार गए। यह हार उनके लिए चौंकाने वाली थी क्योंकि मेलबर्न पार्क में वह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं।

2023 में उपविजेता और तीन बार के सेमीफाइनलिस्ट सितसिपास ने सिंगल्स पर फोकस करने के लिए अपने भाई पेट्रोस के साथ डबल्स से हटने का फैसला किया था। वह अपनी एनर्जी बचाकर टूर्नामेंट के अंत तक खेलना चाहते थे। लेकिन यह योजना अब फेल हो गई।

सितसिपास ने स्वीकार किया, मैं इस बार उस तरह का प्रदर्शन नहीं कर पाया, जैसा मैं चाहता था। पूरा मकसद था ऊर्जा बचाना और तरोताजा रहना। लेकिन यह काम नहीं आया।

इस हार के बाद सितसिपास ने अपनी मानसिकता को लेकर भी आत्मचिंतन किया। उन्होंने कहा, पहले मेरा दिमाग ज्यादा तरोताजा और जीत के लिए भूखा था। 2019 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में जब मैं रोजर फेडरर को हराकर सेमीफाइनल तक पहुंचा था, उस वक्त की ऊर्जा और उत्साह बिल्कुल अलग था।

हालांकि, सितसिपास ने यह भी माना कि उनका जुनून अब भी वही है, लेकिन उनकी सोच और स्थिरता में बदलाव आया है।

उन्होंने कहा, पिछले कुछ सालों में मैंने अपने करियर को अच्छी तरह स्थापित किया है। अब ऊर्जा और सोच का तरीका थोड़ा अलग हो गया है। मैं अब बेहतर खिलाड़ी हूं, भले ही हार रहा हूं।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में कमिंस के खेलने को लेकर फिलहाल कोई स्पष्टता नहीं : बेली

नई दिल्ली, (ए)। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने स्वीकार किया कि उन्हें यह नहीं पता है कि पैट कमिंस आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं। हाल ही में कमिंस ने अपने टखने की जांच कराई थी, फिलहाल उनकी फिटनेस की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।कमिंस श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज में शामिल नहीं हैं क्योंकि उनकी दूसरी संतान का जन्म हुआ है। तेज गेंदबाज भारत के खिलाफ 3-1 की सीरीज जीत के दौरान अपने टखने की समस्या से जूझ रहे थे।कमिंस को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम का कप्तान चुना गया है। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू हो रहा है। हालांकि, टीम अपने पहले मैच से एक हफ्ते पहले तक बदलाव कर सकती है।ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा के बाद मीडिया से बात करते हुए बेली ने कहा, मुझे अभी कोई नई जानकारी नहीं मिली है। मैंने टेस्ट टीम की घोषणा करते वक्त जो बताया था, वही मेरे पास है। मुझे लगता है कि कमिंस ने अपनी जांच करा ली है, लेकिन मैं उन्हें थोड़ा समय देना चाहता था। जांच के नतीजों के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। कमिंस खेलने को लेकर उत्सुक हैं, लेकिन हमें इस पर काम करना होगा। आईसीसी के नियमों के चलते हमें इतनी पहले टीम का ऐलान करना पड़ता है। कमिंस के लिए अभी कोई तय तारीख नहीं है। अगर कमिंस नहीं खेलते हैं तो टी20 कप्तान और ऑलराउंडर मिशेल मार्श चैंपियंस ट्रॉफी में कप्तानी कर सकते हैं। वहीं, युवा ओपनर जेक फ्रेजर मैकगर्क को टीम में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा स्कोर नहीं कर पाए। उनकी जगह मैट शॉर्ट को टीम में शामिल किया गया है।

## नीरज भारत में भाला फेंक प्रतियोगिता में शामिल होने शीर्ष एथलीटों से बात करेंगे




मुंबई (ए)। ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा भारत में एक कॉन्टिनेंटल टूर भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विश्व के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगे। ये भाला फेंक स्पर्धा इस साल मई में होने की संभावना है। इसके लिए अभी तक आयोजन स्थल तय नहीं किया गया है। विश्व एथलेटिक्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से मिलकर इस इवेंट का आयोजन करेंगे। इसमें आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विश्व भर के कुछ सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे।

इस आयोजन को लेकर नीरज ने कहा, शुरुआत से ही वह देश में एक विश्व स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता आयोजित करना चाहते थे। अब जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की सहायता से उनका ये सपना पूरा हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि मेरे साथी एथलीट और भारत में प्रशंसकों दोनों को ही इससे एक नया अनुभव होगा। अब देखना है कि ये आयोजन कितना बड़ा होता है।卐

नीरज और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स इस आयोजन को विश्व एथलेटिक्स कैलेंडर में एक वार्षिक कार्यक्रम बनाने के लिए उत्साहित हैं, जिसमें इस स्पर्धा में और अधिक ट्रैक और फ़ील्ड विषयों को जोड़ने पर ध्यान दिया गया है। वहीं इसी को लेकर जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, मैं एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया को भारत में एक विश्व स्तरीय स्पर्धा लाने का यह शानदार अवसर देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। ।उन्होंने साथ ही कहा कि हमारा ध्यान स्टार खिलाड़ियों वाली लाइन-अप के अलावा, ध्यान एक ऐसी प्रतियोगिता आयोजित करने पर होगा जो प्रौद्योगिकी का उपयोग करके दर्शकों के अनुभव को और बेहतर बनाएंगे।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नॉर्टजे और एनगिडी की दक्षिण अफ्रीका टीम में वापसी

नई दिल्ली, (ए)। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी जोड़ी एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगीडी ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वनडे टीम में वापसी की है। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होगा। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में है, जहां उनके साथ अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें हैं।

नॉर्टजे और एनगिडी ने चोटों के कारण पूरे घरेलू सीजन में कोई मैच नहीं खेला था। नॉर्टजे अपने बाएं पैर की उंगली की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं, जबकि एनगिडी ग्रोइन की चोट से ठीक होकर मैदान पर लौटे हैं।

15 सदस्यीय टीम की कप्तानी टेम्बा बावुमा करेंगे। इस टीम में 10 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो 2023 में भारत में हुए वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीम का हिस्सा थे। टोनी डी जोरजी, रायन रिक्लटन, ट्रिस्टन स्टब्स और वियान मुल्डर को पहली बार किसी बड़े 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए चुना गया है।

टीम कोच रॉब वॉल्टर ने कहा, हमारी टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की भरमार है, जिन्होंने दबाव भरे मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह अनुभव ऐसे बड़े टूर्नामेंट में बेहद अहम होता है। हमने अपनी विश्व कप टीम के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है और कुछ नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल किया है।

## पूर्व क्रिकेटर बोला, डब्लयूटीसी फाइनल में नहीं होगा तेज गेंदबाजों को लाभ

जोहांबर्ग (ए)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स ने कहा है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों को कोई ज्यादा लाभ नहीं होगा। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल 11 से 15 जून तक खेला जाएगा। रोड्स ने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों को इसलिए कोई फायदा नहीं है क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को पहले से ही तेज गेंदबाजों को खेलने की आदत है। उनके पास भी काफी अच्छे तेज गेंदबाज है जिनका सामना दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को करना होगा। उन्होंने कहा कि मैं नहीं कहूंगा कि हमें कोई फायदा मिलने वाला है।



हालांकि इस पूर्व क्रिकेट ने माना है कि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने डब्लयूटीसी चक्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। कैगिसो रबाडा ने 8 मैचों में 37 और मार्को जानसेन ने 7 मैचों में 29 विकेट लिए थे। रोड्स का मानना है कि अभी दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट का ग्राफ ऊपर की ओर जा रहा है। उन्होंने कहा कि सफलता से सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि मैंने भारत में बतौर खिलाड़ी और कोच देखा है कि कैसे सफलता से खेल की लोकप्रियता बढ़ती है। मुझे उम्मीद है कि एसए 20 जैसे टूर्नामेंटों से और टेस्ट टीम के प्रदर्शन में दक्षिण अफ्रीका में भी क्रिकेट आगे बढ़ेगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी तक रोहित को ही कप्तान बनाये रखना चाहती है बीसीसीआई : रिपोर्ट

### भविष्य में बुमराह को मिल सकती है जिम्मेदारी

मुंबई (ए)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को अगले माह होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी तक भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनाये रखना चाहता है। एक रिपार्ट के अनुसार बोर्ड का मानना है कि टूर्नामेंट के ठीक पहले कोई बड़ा बदलाव करना ठीक नहीं है। वहीं भविष्य के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारतीय टीम का अगला कप्तान बनाया जा सकता है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम को मिश्रित परिणाम मिले हैं। इसमें साल 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के दौरान घरेलू मैदान पर लगातार 10 मैचों की जीत भी शामिल है। इसके अलावा उसे टी20 विश्वप में जीत मिली। उनकी कप्तानी में ही टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में भी पहुंची हालांकि वहां उसे हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी ही धरती पर उसे 3-0 से टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा।



रोहित के लिए इस साल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में रोहित ने आठ मैचों और 15 पारियों में 10.93 की औसत से केवल 164 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 52 रहा। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान वह तीन टेस्ट मैचों में केवल 31 रन ही बना सके जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 10 रहा।

इस साल की शुरुआत से ही रोहित की कप्तानी में टीम छह मैच हारी है। इसमें चार मैच धरेलू धरती पर हुए थे। इससे साफ है कि कप्तान के रूप में रोहित का टेस्ट रिकॉर्ड खराब हुआ है। उसे 12 मैचों में जीत जबकि 9 में हार का सामना करना पड़ा। वहीं तीन मुकाबले ड्रॉ रहे। वहीं दूसरी ओर बुमराह ने अब तक तीन टेस्ट में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए उसे एक में जीत दिलायी है। एक जीता और दो हारे हैं। अब जबकि भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी खेलने है और उसमें देखना होगा कि भारतीय टीम को प्रदर्शन कैसा रहता है। रोहित कप्तानी बरकरार रहने पर ये टूर्नामेंट जीतना चाहेंगे। इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगी जबकि उसका मुकाबला पाकिस्तान से 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। भारत टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी धारक और मेजबान पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में क्रिकेट विश्व कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

# विदेश समाचार

## लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला ने किया लंदन में बीएपीएस नेस्डन मंदिर का दौरा

लंदन(आरएनएस)। लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला ने लंदन के प्रसिद्ध बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर का दौरा किया। इसे नेस्डन मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। ओम बिड़ला की 11 जनवरी की यह यात्रा उनके आधिकारिक यूके दौरे का हिस्सा थी, जो हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर लिंडसे हॉयल के निमंत्रण पर आयोजित हुई थी।मंदिर में श्री बिड़ला का पारंपरिक हिंदू तरीके से स्वागत किया गया। यह स्वागत बीएपीएस स्वामिनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज की ओर से मंदिर के संतों ने किया।दौरे के दौरान, ओम बिड़ला ने मंदिर के पवित्र दर्शन किए और मूर्तियों का अभिषेक किया। उन्हें बीएपीएस के भारत में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों और यूके व यूरोप में हो रहे प्रेरणादायक विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें पेरिस, फ्रांस में बन रहा नया बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर भी शामिल है।फरवरी 2022 में, बिड़ला के नेतृत्व में भारतीय सांसदों का एक दल अबू धाबी में बन रहे बीएपीएस मंदिर के निर्माण स्थल पर गया था। उसी साल, ओम बिड़ला ने नई दिल्ली स्थित स्वामिनारायण अक्षरधाम में महंत स्वामी महाराज से भेंट की थी। इस अवसर पर ओम बिड़ला ने कहा, ये मंदिर केवल आध्यात्मिक, धर्म और संस्कृति की ही प्रेरणा नहीं देता, बल्कि मानवता की सेवा की प्रेरणा भी देता है। बीएपीएस संगठन ने दुनिया के अंदर भारतीय धर्म और संस्कृति को पहुंचाने के काम किया।बीएपीएस यूके के ट्रस्टी संजय कारा ने कहा, हम ओम बिड़ला के आभारी हैं कि उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच मंदिर का दौरा किया। यह हमारे लिए गर्व का क्षण था और भारत व यूके के बीच संबंधों को और मजबूत करने का अवसर भी था।



## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में फिर ढह गई कोयला खदान, 2 खनिकों की गई जान

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ है। यहां कोयला खदान ढहने से दो खनिकों की मौत हो गई है। एक सप्ताह के भीतर इस क्षेत्र में इस तरह की यह दूसरी घटना है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, यह घटना हरनई जिले के खोस्त इलाके में हुई है। क्वेटा के पास संजदी इलाके में कोयला खदान के ढहने से 11 खनिकों की मौत की घटना के दो दिन बाद यह घटना सामने आई है। वर्तमान में, अधिकारी संजदी खदान से शवों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं। दरार के बाद ढहा खदान का एक हिस्सासंजदी इलाके में हुई घटना के बाद अब हरनई जिले के खोस्त कोयला क्षेत्र में स्थित एक खदान में दरारें आ गईं और खदान का एक हिस्सा ढह गया। जिस समय यह घटना हुई, आठ खनिक खदान में ही थे। खदान ढहने के तुरंत बाद छह खनिकों को बचा लिया गया। हालांकि, दो खनिकों की मौत हो गई और बाद में उनके शव बरामद किए गए। खान एवं खनिज विभाग ने खोस्त में खदान को बंद कर दिया है और घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

## अल-कादिर मामला : इमरान खान और बुशरा बीबी के खिलाफ तीसरी बार टला फैसला, जानें अब क्या थी वजह



इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान की एक अदालत ने 19 करोड़ पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ सोमवार को अपना फैसला तीसरी बार टाल दिया। इस्लामाबाद स्थित भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने अब फैसला सुनाने की नई तारीख 17 जनवरी निर्धारित की है। भ्रष्टाचार-रोधी अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने 18 दिसंबर को सुनवाई पूरी कर ली थी लेकिन फैसला 23 दिसंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। बाद में उन्होंने फैसला सुनाने की नई तारीख छह जनवरी तय की। न्यायाधीश राणा छह जनवरी को छुट्टी पर थे, इसलिए निर्णय 13 जनवरी के लिए टाल दिया गया था। आज न्यायाधीश ने एक बार फिर आरोपी के अदालत में पेश नहीं होने का हवाला देते हुए फैसला 17 जनवरी के लिए टाल दिया।

### पीटीआई और सरकार के बीच चल रही है बात

देखने वाली बात यह है कि, यह स्थगन ऐसे समय आया है जब सरकार और खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के बीच पूर्व प्रधानमंत्री और कई अन्य नेताओं के कारावास के कारण देश में राजनीतिक अस्थिरता को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। अब तक दो दौर की वार्ता हो चुकी है और इस सप्ताह एक और दौर की वार्ता होने की उम्मीद है। यह स्पष्ट नहीं है कि इस निर्णय का अगले दौर की वार्ता पर कोई प्रभाव पड़ेगा या नहीं। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने दिसंबर 2023 में खान (72), बीबी (50) और छह अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें उन पर राष्ट्रीय कोष को 19 करोड़ पाउंड का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में खान और बीबी पर मुकदमा चलाया गया क्योंकि रियल एस्टेट कारोबारी सहित अन्य सभी आरोपी देश से बाहर हैं।

## चेक गणराज्य के रेस्तरां में लगी भीषण आग, 6 लोगों की मौत

प्राग (आरएनएस)। चेक गणराज्य के उत्तरी हिस्से में एक रेस्तरां में भीषण आग लगने की सूचना सामने आ रही है। आग इतनी भयानक थी कि इस हादसे में अब तक कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि छह अन्य गंभीर रूप से झुलस गये हैं। इन सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने रविवार को इस घटना के बारे में मीडिया से जानकारी साझा की है।

चेक गणराज्य के अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि यह हादसा प्राग के उत्तर में लगभग 100 किलोमीटर (63 मील) की दूरी पर स्थित मोस्ट शहर में हुआ। यहां 'यू कोजोटा' रेस्तरां में अचानक आग लग गई, जो आधी रात से पूर्व आग लगने के समय खुला था। पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि संभवत: आग का कारण गैस हीटर का पलट जाना था। आगू पर एक बजे तक काबू पाया जा सका और उसमें 60 से अधिक दमकलकर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी।

आग लगने के बाद 30 लोगों को सुरक्षित निकाला गया बाहर

इस आग में राहत और बचाव दलों ने कम से कम 30 लोगों को सुरक्षित बचा लिया। वहीं झुलसे लोगों को मोस्ट और आस-पास के शहरों के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। मामले की जांच की जा रही है। रविवार सुबह मौके का दौरा करने के बाद गृहमंत्री विट राकुसान ने कहा कि रेस्तरां और समीप के एक अपार्टमेंट से करीब 30 लोगों को बाहर निकाला गया। मोस्ट के महापौर मारेक हर्वोल ने कहा कि यह शहर के हाल के इतिहास की सबसे बुरी त्रासदी है।

## बांग्लादेश ने बढ़ाई इस्लामाबाद से दोस्ती, पाकिस्तानियों के लिए वीजा को कर दिया सरल

लाहौर ,(आरएनएस)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने व्यापारिक और आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए पाकिस्तान के लोगों के लिए वीजा प्रक्रिया को सरल बना दिया है। पाकिस्तान में बांग्लादेश के उच्चायुक्त इकबाल हुसैन ने शनिवार को लाहौर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में व्यापारिक समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने वीजा जारी करते समय पाकिस्तानी दूतावास प्रमुखों के लिए बांग्लादेश से मंजूरी लेने की अनिवार्यता को हटा दिया है।हुसैन ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाना हमारी शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। हुसैन ने कहा कि मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार पाकिस्तान के साथ संबंधों को बेहतर बनाने की इच्छुक है। बता दें कि बांग्लादेश ने यह फैसला ऐसे वक्त में लिया है, जब उसका भारत के साथ तनाव चरम पर चल रहा है। बांग्लादेश ने भारत के कई कार्यक्रमों को हाल ही में रद्द कर दिया था। वहीं दूसरी तरफ वह पाकिस्तानियों के लिए बाहें खोल रहा है।

पाकिस्तान बांग्लादेश में देख रहा बाजार

पिछले दशक के दौरान दोनों देशों के बीच संबंध संतोषजनक नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि 18 करोड़ की आबादी वाला बांग्लादेश, पाकिस्तान के लिए एक बड़ा बाजार हो सकता है, जिसका वह लाभ उठा सकता है। राजनयिक ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक क्षमता का उचित इस्तेमाल नहीं हो सका है। अब पाकिस्तान इसका लाभ उठा सकता है। लाहौर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष मियां अबुजर शाद ने बताया कि 2023-24 में पाकिस्तान और बांग्लादेश का आपसी व्यापार 71.8 करोड़ डॉलर रहा है।

## पाकिस्तान को सिंधु नदी में मिला अरबों का खजाना, क्या मिटेगी कंगाली?

इस्लामाबाद,(आरएनएस)। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को नई उम्मीद देने वाली खबर सामने आई है। देश के सिंधु नदी में बड़ी मात्रा में सोने के भंडार की खोज हुई है। इस सोने का मूल्य लगभग 600 बिलियन पाकिस्तानी रुपये (करीब 1.84 बिलियन अमेरिकी डॉलर) आंका गया है। माना जा रहा है कि टेक्टोनिक प्लेटों के टकराव और नदी के बहाव के कारण सिंधु नदी में सोने के कण जमा होते रहे हैं। इस तरह से बड़ी मात्रा में सोने का भंडार बन गया है।कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए यह खोज किसी वरदान से कम नहीं है। इस सोने से सरकार को काफी राजस्व मिलेगा, जिससे देश का कर्ज कम करने और विकास कार्यों के लिए धन जुटाने में मदद मिलेगी। सिंधु नदी के अलावा, पाकिस्तान में बलूचिस्तान जैसे इलाकों में भी सोने और तांबे के बड़े भंडार हैं। रेको दिक खदान दुनिया की सबसे बड़ी तांबा-सोने की खदानों में से एक है।हालांकि, इस सोने के भंडार का दोहन करना आसान नहीं होगा। सरकार को सोने की मात्रा और गुणवत्ता का सही आकलन करना होगा, खनन की लागत और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना होगा, और इस धन का कुशलतापूर्वक उपयोग करने की योजना बनानी होगी।



## आग से धधक रहा लॉस एंजेलिस! अब तक 24 की मौत, 12 हजार इमारतें खाक; 150 अरब डॉलर की संपत्ति खाक



वाशिंगटन ,(आरएनएस)। लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग से अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम ने कहा कि यह अमेरिका के इतिहास की सबसे विनाशकारी प्राकृतिक आपदा हो सकती है, जिसने हजारों घरों को भी तबाह कर दिया है। लॉस एंजेलिस के दो हिस्सों ईटन और पैलिसेड्स में पिछले 6 दिनों से आग धधक रही है। पैलिसेड्स फायर जोन में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई, वहीं ईटन फायर जोन ने 16 लोगों की जान ले ली।लॉस एंजेलिस अमेरिका का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। 1990 के दशक में आने वाले ब्रिटिश टीवी शो किडी केपर्स के ऑस्ट्रेलियाई चाइल्ड एक्टर रोसी साइक्स की भी मौत हो गई है। यह पूर्व एक्टर अभी करीब 32 साल का था। पैलिसेड्स की आग करीब 23,600 एकड़ की जमीन पर फैल चुकी है। हालांकि इसके 11 फीसदी हिस्से पर काबू पा लिया गया है। वहीं ईटन की आग 14,000 एकड़ तक फैली है। इसके भी करीब 15 फीसदी हिस्से पर काबू पा लिया गया है। कैलिफोर्निया के सैन फरनैन्डो वैली में फायर टॉरनेडो भी देखा गया, जिससे आग काफी भड़क गई। आग की घटना से करीब 12 हजार से ज्यादा इमारतें नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इस कारण अब तक करीब 1 लाख लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अब तक 135 बिलियन डॉलर से 150 बिलियन डॉलर की आर्थिक क्षति का अनुमान है।

# सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं : कलेक्टर श्री सिंह

## आमजन के राजस्व संबंधी प्रकारणों का करें त्वरित निराकरण : कलेक्टर श्री सिंह



सीहोर (निप्र)। समय-सीमा पत्रकों के निराकरण के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के जिलाधिकारियों से कहा कि 300 दिवसों से अधिक की दिनों की लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान तथा राजस्व महाभियान 3.0 के तहत जितने प्रकरणों का निराकरण किया जाए, उन सभी को पोर्टल पर दर्ज किया जाए तथा विभागीय पोर्टल एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के पोर्टल पर निराकरण का आंकड़ा एक समान हो। उन्होंने राजस्व महाभियान 3.0 की समीक्षा के दौरान कहा कि इस अभियान के सभी योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले में चल रहे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के आवेदन पत्रों का निराकरण किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित नहीं रहे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने स्कूल-कॉलेजों की स्कॉलरशिप संबंधी शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि इनका जल्द से जल्द निराकरण किया जाए ताकि जल्द ही छात्रों को स्कॉलरशिप मिल सके। उन्होंने संबंल योजना की समीक्षा के दौरान अनुग्रह राशि के भुगतान की कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह सभी विभागों को न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि 100 दिवसीय निक्षय शिविर कार्ययोजना को प्रभावी रूप से चलाएं और अधिक से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करें। बैठक में जानकारी दी गई कि अभी तक 96,490 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि वनग्रामों के राजस्व ग्रामों में परिवर्तन तथा वन व्यवस्थापन के कार्य में तेजी लाई जाए और यह कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रामीण विकास, रोजगार, कृषि, सहकारिता, लोक निर्माण, नगरीय निकाय, समाज कल्याण, खाद्य, जल संसाधन तथा राजस्व विभाग सहित अनेक विभागों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ नितिन टाले, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, इछावर एसडीएम जमील खान, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। जिले के सभी जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# शिव महापुराण के अंतिम दिन प्रसादी का वितरण



सीहोर( निप्र)। शहर के प्राचीन करोली माता मंदिर में जारी सात दिवसीय श्री शिवमहापुराण का समापन किया गया। इस मौके पर अंतिम दिन हवन पूजन के पश्चात प्रसादी का आयोजन किया। इस मौके पर कथा वाचक पंडित राहुल कृष्ण आचार्य ने यहां पर मौजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान शिव की भक्ति से ही मनुष्य के भाग्य का निर्माण होता है, आपको मेहनत के साथ-साथ सत्मार्ग पर चलते हुए भगवान की भक्ति करना चाहिए। भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश के अनेक प्रसंगों का वर्णन किया गया।पंडित राहुल आचार्य ने कहा कि भगवान कार्तिकेय पृथ्वी की परिक्रमा करने चले जाते हैं। लेकिन गणेश जी माता पिता की परिक्रमा करते हैं। परिणाम गणेश जी विजयी होते हैं। यानी माता पिता का स्थान सर्वोपरि है। शास्त्र की व्याख्या करते कथा व्यास कहते हैं कि शास्त्र कहता है कि सबसे बड़ा भगवान, उससे बड़ा गुरु, गुरु से बड़ा पिता तथा पिता से भी बड़ा है मां का स्थान।

# लाड़ली लक्ष्मी योजना से निमिषा के बेहतर भविष्य के निर्माण में मिल रही मदद



सीहोर (निप्र)। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों के सुखद भविष्य के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं से प्रदेश के लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इन्हीं जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक लाडली लक्ष्मी योजना भी है, जो बालिका के जन्म के प्रति जनता में सकारात्मक सोच, लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं की शैक्षणिक स्तर के साथ ही स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार तथा उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने के उद्देश्य से संचालित है। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से सीहोर निवासी श्रीमती सीता भारती की बेटी लाड़ली निमिषा भारती भी लाभान्वित हुई है। श्रीमती सीता बताती हैं कि अपनी बेटी निमिषा का पंजीयन लाड़ली लक्ष्मी योजना में कराने से अपनी बेटी की शिक्षा एवं विवाह की मेरी चिंता खत्म हो गई है। लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत निमिषा की शिक्षा के साथ ही उसकी शादी के लिए भी सरकार द्वारा धनराशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की यह लाड़ली लक्ष्मी योजना मेरे जैसी अनेक माताओ के लिए अपनी बच्ची का बेहतर भविष्य बनाने में मददगार है।

### जनहित के दृषित कलेक्टर ने चाइनीज मांझा, धातु एवं कांच से निर्मित डोर पर लगाया प्रतिबंध

सीहोर (निप्र)। मकर सक्रांति के अवसर पर पतंग महोत्सव मे चाइनीज मांझा, धातु एवं कांच से निर्मित डोर से पक्षियों एवं व्यक्तियों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रवीण सिंह ने इनके उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेशानुसार चाइनीज मांझे के उपयोग से पक्षियों के घायल होने एवं मौत की घटना होती है। चाइनीज मांझे से सड़क पर चलने वाले और बाइक सवार व्यक्तियों के भी घायल होने एवं मृत्यु की आशंका रहती है। इसके साथ ही चायनीज मांझा बिजली के तारों में उलझने से कई बार बिजली सप्लाई प्रभावित होती है। चाइनीज मांझा प्लास्टिक, सिन्थेटिक मटेरियल से निर्मित होता है चाइनीज मांझे के जलने पर हानिकारक गैसों से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने इन परिस्थितियों में जन सामान्य के हित, को ध्यान मे रखते हुए सीहोर जिले की भौगोलिक सीमा में चाइनीज मांझे के उपयोग पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंध लगाया है।

# सीहोर जिले की तीनों विधानसभा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का महासम्मेलन सम्पन्न

## अब तो कांग्रेस चल पड़ी है और आगे दौड़ लगाएगी : जीतू पटवारी




सीहोर (निप्र)। 13 जनवरी, सोमवार को सीहोर जिला मुख्यालय पर जिले की तीनों विधासभा सीहोर, इछावर व बुधनी के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का महासम्मेलन जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वागत बेनर पोस्टर व स्वागत मंच लगाकर गगन भेदी आतिशवाजियों व ढोलढमाको के साथ पुष्पहारों भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जीतु पटवारी द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर, राष्ट्रपिता महात्मागांधी, पूर्व प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरूजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती द्वारा अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। इस मौके बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जीतु पटवारी ने कहा कि मुझे जब प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया तब विधानसभा के चुनाव थे और पार्टी की विसम परिस्थिति थी तब कई लोग पार्टी छोड़-छोड़ कर जा रहे थे लेकिन मध्य प्रदेश के उपचुनाव में विजयपुर की जीत और बुधनी में बीजेपी के जीत का मार्जिन 1 लाख 46 हजार को काम करके 10 हजार मात्र पर ला दिया। जिससे पूरे प्रदेश का माहौल बदल दिया। विजयपुर में बीजेपी ने जीतने के लिये लगभग 50 करोड रुपए खर्च किये और हमारे कार्यकर्ताओं से मारपीट की लेकिन विजयपुर जीत नहीं पाए। उन्होंने खास तौर पर बुधनी और सीहोर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत के लिए हृदय से धन्यवाद दिया, जो बीजेपी की लीड को 10000 पर ले आए।

### 18 जनवरी को आनंद उत्सव के तहत खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियां होंगी आयोजित

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार सीहोर स्थित शासकीय आवासीय खेलकूद संस्था पर 18 जनवरी 2025 को प्रात: 10:30 बजे से जिला एवं विकासखंड स्तरीय आनंद उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आनंद उत्सव के तहत विभिन्न खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियां जैसे सितोलिया, गोलाफेंक, रस्सी कूद, कुर्सी दौड, चम्मच दौड़, सितोलिया, क्रिकेट, टेबल टेनिस, फुटबॉल, कबड्डी, व्हॉलीबॉल, शतरंज आदि आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने आनंद उत्सव के सफल संचालन के लिए समिति गठित कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे हैं। इस संबंध में 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे शासकीय आवासीय खेलकूद संस्था में संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है।

# शहर में पहली बार ब्यूटी सेमिनार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने किया शुभारंभ



सीहोर (निप्र)। मध्यप्रदेश ब्यूटी एसोसिएशन के तत्वाधान में शहर के एक निजी मैरिज गार्डन में ब्यूटी सेमिनार का आयोजन किया गया था। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि यह शहर पहला मौका है जो इस तरह के सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता सुनील सेन ने बताया कि एक दिवसीय ब्यूटी सेमिनार का आयोजन किया गया था। जिसमें आष्टा, सीहोर, श्यामपुर, भोपाल और इंदौर के पार्लर संचालकों ने भाग लिया और ब्यूटी पार्लर संबंधी कार्यों के बारे में जानकारी दी। गई। सेमिनार में जगदीश राजपूत ने सहयोग दिया।आयोजनकर्ताओं ने बताया कि आजकल फैशन के युग में कोई भी कार्यक्रम शादी, बर्थ-डे, मैरिज एनिवरसरी बिना ब्यूटीशियन के नहीं होते है। यहां पर आने वाले पार्लर संचालकों ने ब्लीचिंग, हेयर कटिंग, हेयर स्टाइल, मेहंदी, आइब्रो फेशियल की जानकारी दी।

### कुबेरेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाली कथा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

सीहोर (निप्र)। कुबेरेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर फरवरी माह महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस कथा के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने स्थानीय रेस्ट हाउस में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह एवं एसपी श्री शुक्ला ने कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से इस आयोजन के बैठक में कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने कथा के दौरान बेहतर इंतजाम करने एवं लोगों की सुरक्षा के साथ ही नेशनल हाईवे पर आवागमन सुगम बनाए रखने के लिए मार्ग परिवर्तित करने तथा वैकल्पिक मार्ग के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कथा के दौरान पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने स्टेशन से कुबेरेश्वर धाम तक चलने वाले ऑटो, टैक्सी तथा पार्किंग की दर निर्धारित करने के भी निर्देश दिए।



### दीर्घायु के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा : सुनील मीणा

सीहोर (निप्र)। विश्वभर में बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ खाद्यान की आपूर्ति के लिए मानव द्वारा खाद्य उत्पादन की होड़ में अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए तरह-तरह के रासायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों का उपयोग पारिस्थितिकी तंत्र जैसे प्रकृति के जैविक और अजैविक पदार्थों के बीच आदान-प्रदान के चक्र को प्रभावित करता है, जिससे भूमि की उर्वरक शक्ति प्रभावित हो जाती है, साथ ही वातावरण प्रदूषित होता है तथा मनुष्य के स्वास्थ्य में गिरावट आती है।कृषि को बचाने और आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ रखने के लिए किसानों को रासायनिक खाद से दूरी बनाकर जैविक खेती करना अनिवार्य है। रासायनिक खादों का उपयोग करने से शरीर की ऊर्जा और मानव का लंबा जीवन खत्म होते जा रहा है। इसलिए पारम्परिक खेती के साथ जैविक खेती के साथ गौवंश , प्रकृति की रक्षा करना जरूरी है। प्रकृति को बचाने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना पड़ेगा क्योंकि बिना प्रकृति के हम जीवित नहीं रह सकते यह बात शिवशक्ति ग्रुप ऑफ कंपनी की ओर से वरिष्ठ कृषि अधिकारी सुनील मीणा ने सीहोर जिले के ग्राम भाऊखेड़ी में आयोजित जैविक खेती की पाठशाला कार्यक्रम के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए कही।

# 22 जनवरी से भव्य शिव महापुराण

सीहोर (निप्र)। शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में अग्रवाल महिला मंडल और मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 22 जनवरी से अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पुत्र कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा के द्वारा पांच दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त शिव महापुराण का आयोजन अयोध्य में भगवान राम लला के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भव्य रूप से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 22 जनवरी को कथा का शुभांरभ भव्य शोभा यात्रा के साथ किया जाएगा। शोभा यात्रा शहर के बड़ा बाजार स्थित सत्यनारायण मंदिर से सुबह निकाली जाएगी और कथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। महासभा ने सभी क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की है।

# खिताबी मुकाबले में आरएनटीयू ने गोल्डन टाइगर को 39 रन से हराया

## आरएनटीयू की ओर से लोकेश ने खेली 31 गेंद पर 57 रन की अर्दशतकीय पारी



सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य कारपोरेट ट्राफी 2025 के तत्वाधान में फाइनल मैच आरएनटीयू और गोल्डन टाइगर के मध्य खेला गया था। दोनों ही टीम में अनेक सितारे खिलाड़ी शामिल थे, लेकिन इस खिताबी मुकाबले में आरएनटीयू ने गोल्डन टाइगर को 39 रन से हराया। आरएनटीयू के विस्फोटक बल्लेबाज लोकेश मालवीय ने 31 गेंद पर 57 रन की पारी खेली। जमारन ने तीन विकेट हासिल किए। मैच के अंत में प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कोतवाली थाना प्रभारी रविन्द्र यादव, एकलब्य अकादमी के संचालक जगदीश कुशवाहा, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, कोच अतुल कुशवाहा और मनोज दीक्षित मामा आदि ने किया।डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरएनटीयू ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 211 रन का विशाल स्कोर बनाया था। इसमें लोकेश मालवीय ने 31 गेंद पर 57 रन की विस्फोटक पारी खेली, वहीं साथ खिलाड़ी जी सतीश ने 29 रन, जय देवनानी ने 10 रन, हृदेश ने 18 रन और राहुल ने 39 रन बनाए थे। इधर गोल्डन टाइगर की ओर से गेंदबाजी करते हुए शेखर, नितेश और दिनेश ने दो-दो विकेट के अलावा रिजवान ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोल्डन टाइगर की टीम के सलामी बल्लेबाज समद पहली ही गेंद पर शून्य के निजी स्कोर पर आउट हो गए।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

email-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/101/ खनिज/उ.प./2024, सीहोर, दिनाँक 06/01/2025

**प्रथम सूचना**

**( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क )**

यह सूचित किया जाता है कि **आवेदक 1. विजेन्द्र सिंह ठाकुर, आत्मज करण सिंह ठाकुर, निवासी-ग्राम अरनियाराम तह. आष्टा, जिला सीहोर** द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा/ पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर **ऑनलाईन आवेदन पत्र क्रमांक-35262 दिनांक 13.12.2024** को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 30 दिवस तक तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | आष्टा | भंवरा | 1950/1 | 2.000 हे. | शासकीय | क्रशर हेतु पत्थर | कुल रकबा 6.247 हे. में से 2.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 6.247 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

खनि अधिकारी
जिला-सीहोर

जी/21581/24 हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

E-mail modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/163/ खनिज/2024, सीहोर, दिनाँक 09.01.2025

**मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 ( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,**

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक **बाबा स्टोन एंड अर्थ मूर्वस प्रो. ओमप्रकाश चंद्रवंशी** के द्वारा उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन **आवेदन क्रमांक 34934 दिनांक 07.11.2024** को प्रस्तुत किये गये है। दिनांक **14/02/2025** तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/ निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | बुधनी | रमपुरा चकल्दी | 53/1/1 | 2.000 हे. | शासकीय भूमि | यांत्रिकी क्रिया से गिट्टी निर्माण हेतु पत्थर | |
| | | | कुल रकबा | 2.000 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

खनि अधिकारी
जिला-सीहोर

जी/21559/24 हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com